रजि० सं० डी-(डी) 73 Regd. No. D-(D)73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 24, 1977 (पौष 3, 1899)
No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 24, 1977 (PAUSA 3, 1899)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 1
PART III—SECTION 1

उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार के संलग्न और अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं

(Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, the Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India)

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110011, दिनांक 29 नवम्बर 1977

स० क० 11013/2/74-प्रशा० II—संघ लोक सेवा आयोग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 4-10-1977 के अनुक्रम में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग एतद्द्वारा संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग में निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियों/सहायकों को आयोग के कार्यालय में 1-12-1977 से दो मास की अतिरिक्त अवधि के लिए अथवा आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो, अनुभाग अधिकारी (विशेष) के पद पर तदर्थ आधार में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त करते हैं :—

क्रम संख्या	नाम	के० स० से० के संवर्ग में पद
1.	श्री बी० एस० जगोपोटा	अनुभाग अधिकारी
2.	श्री आर० एन० खुराना	अनुभाग अधिकारी
3.	श्री एस० श्रीनिवासन	अनुभाग अधिकारी
4.	श्री एस० के० अरोड़ा	सहायक
5.	श्री जी० वी० माथुर	सहायक

उपर्युक्त अधिकारियों की नियुक्ति अनुभाग अधिकारी (विशेष) के पद पर प्रतिनियुक्ति पर होगा और उनका वेतन समय समय पर संशोधित वित्त मंत्रालय के का० ज्ञा० सं० एफ० 1024-ई० III/60 दिनांक 4-5-1961 में निहित शर्तों के अनुसार विनियमित होगा।

प्र० ना० मुखर्जी
अवर सचिव
कृते सचिव
संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110011 दिनांक 24 नवम्बर 1977

सं० ए० 32013/3/76-प्रशा० I—भारतीय अर्थ सेवा के अधिकारी श्री ज्ञान प्रकाश को, राष्ट्रपति द्वारा 1-10-1977 से तदर्थ आधार में 6 मास की अवधि के लिए, अथवा आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो, संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में विशेष कार्य अधिकारी (सलाहकार नामिका) के पद पर नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 30 नवम्बर 1977

स० ए० 38013/3/76-प्रशा० III —संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी अनुभाग

अधिकारी श्री जी० पी० विज को राष्ट्रपति द्वारा कार्मिक विभाग के का० ज्ञापन सं० 33/12/73-स्था० (क) दिनांक 24 नवम्बर, 1973 की शर्तों के अनुसार 30 नवम्बर, 1977 के अपराह्न से वार्द्धक्य निवर्तन आयु हो जाने के कारण सरकारी सेवा से निवृत्ति की सहर्ष अनुमति प्रदान की गई है।

प्रभात नाथ मुखर्जी
अवर सचिव
(प्रशासन प्रभारी)
संघ लोक सेवा आयोग

प्रवर्तन निदेशालय

विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम

नई दिल्ली-1, दिनांक 11 नवम्बर 1977

सं० ए०-11/28/77—श्री एन० एन० मुरंजन, निरीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, बम्बई को प्रवर्तन निदेशालय के बम्बई क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 27-10-77 से अगले आदेशों तक के लिए प्रवर्तन अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 16 नवम्बर 1977

सं० ए०-11/29/77—श्री ए० के० बनर्जी, निरीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क वाराणसी को प्रवर्तन निदेशालय के कलकत्ता क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 1-11-1977 से अगले आदेशों तक के लिए प्रवर्तन अधिकारी के पद पर स्थानान्तरण के आधार पर स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया जाता है।

सं० ए०-11/30/77—श्री एम० के० बाबू, निरीक्षक, सीमा तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कोचीन को प्रवर्तन निदेशालय के कालीकट उप-क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 1-11-77 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक के लिए प्रवर्तन अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 21 नवम्बर 1977

सं० ए०-11/31/77—श्री एस० के० राय, निरीक्षक, आयकर, उत्तर-पश्चिम क्षेत्र, को प्रवर्तन निदेशालय के कलकत्ता क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 2-11-1977 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक के लिए प्रवर्तन अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 1 दिसम्बर 1977

सं० ए०-11/34/77—श्री डी० के० सिंह वर्मा, निरीक्षक, आयकर, जिला जालंधर को प्रवर्तन निदेशालय के जालंधर क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 11-11-77 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक के लिए प्रवर्तन अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया जाता है।

जे० एन० अरोड़ा
उप निदेशक (प्रशासन)

गृह मंत्रालय

(कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग)

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

नई दिल्ली, दिनांक 6 दिसम्बर 1977

सं० के०-52/65-प्रशासन-5—निवर्तन की आयु प्राप्त कर लेने पर, श्री कृपाल सिंह, उप-विधि सलाहकार, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, जो प्रवर्तन निदेशालय में उप-विधि सलाहकार के रूप में प्रतिनियुक्ति पर थे, ने दिनांक 31-10-77 (अपराह्न) से उप-विधि सलाहकार के पद का कार्यभार त्याग दिया है।

राजेन्द्र प्रकाश गुप्ता
प्रशासन अधिकारी (स्था०)
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

नई दिल्ली-110001, दिनांक 2 दिसम्बर 1977

सं० डी० एफ० 12/77-स्थापना—श्री आर० के० यादव की सेवाएं आई० टी० बी० पी० द्वारा के० रि० पु० बल को निवर्तित करने के फलस्वरूप, उप-पुलिस अधीक्षक के पद पर 17-11-1977 (पूर्वाह्न) से 34 वाहिनी में नियुक्त किए जाते हैं।

सं० ओ०-11-201/77-स्थापना—राष्ट्रपति, मेजर एस० के० मिक्का (आई० सी० नं० 8473) सिगनल, भारतीय स्थल सेना के अधिकारी, को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में प्रतिनियुक्ति पर अस्थाई रूप से सहायक कमाण्डेंट के पद पर आगामी आदेश जारी होने तक, नियुक्त करते हैं।

2 मेजर मिक्का ने संयुक्त सहायक निदेशक (संचार) महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स नई दिल्ली के पद का कार्यभार दिनांक 15 नवम्बर, 1977 के पूर्वाह्न से संभाला।

ए० के० बन्द्योपाध्याय
सहायक निदेशक (प्रशासन)

महानिरीक्षक का कार्यालय

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

नई दिल्ली-110024, दिनांक 2 दिसम्बर 1977

सं० ई०-16014(3)/10/73-कार्मिक—के० औ० सु० ब० में प्रतिनियुक्ति का समय पूरा हो जाने पर श्री बी० डी० बहुखण्डी ने 5 नवम्बर, 1977 के अपराह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट के सी० सी० खेतड़ी नगर के सहायक कमांडेंट पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० ई०-16014 (3)/22/73-कार्मिक—राज्य में निवर्तन की आयु पूरी होने पर, केरल सशस्त्र पुलिस के सहायक कमांडेंट श्री ए० कृष्णा नायर, जो के० औ० सु० ब० में प्रतिनियुक्ति

पर है, ने 31 अक्तूबर 1977 के अपराह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट आई० एम० आर० ओ०, थुम्बा के सहायक कमाडेंट पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० ई०-16014(1)/5/76-कार्मिक—प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरित होने पर, मध्यप्रदेश पुलिस सेवा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सी० पी० सिंह ने 14 नवम्बर, 1977 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट, बैंक नोट प्रेस, देवास में कमाडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया।

स० ई०-38013(3)/17/76-कार्मिक—श्री जी० आर० धर ने 13 जनवरी 1977 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट बोंगाइगाँव रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स लि० में सहायक कमाडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया।

स० ई०-38013(3)/17/76-कार्मिक—राष्ट्रपति, श्री जी० आर० धर को, 3 जनवरी, 1977 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० प्रशिक्षण रिजर्व (मुख्यालय के साथ) बोंगाइगाँव में स्थानापन्न रूप से सहायक कमांडेंट नियुक्त करते हैं।

स० ई०-32015(3)/4/77-कार्मिक—पुनर्नियुक्ति पर राष्ट्रपति, श्री ए० कृष्णन् नायर को 1 नवम्बर, 1977 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के० औ० सु० ब० यूनिट आई० एम० आर० ओ० थुम्बा का सहायक कमाडेंट नियुक्त करते हैं।

सं० ई०-38013(3)/9/77-कार्मिक—दुर्गापुर से स्थानांतरित होने पर श्री एन० एस० यादव ने 17 अक्तूबर, 1977 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट एन० एम० डी० सी० मेघाहातूबुरू में सहायक कमाडेंट के पद का कार्यभार सम्भाल लिया।

सं० ई०-38013(3)/13/77-कार्मिक—बड़ौदा में स्थानांतरित होने पर श्री जी० एम० नूरपुरी ने 31 अक्तूबर, 1977 के अपराह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट यू० सी० आई० एल० जादुगुड़ा के सहायक कमाडेंट के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

जादूगुड़ा में अस्थाई ड्यूटी के लिए भेजे जाने पर, श्री आर० के० जौली ने 31 अक्तूबर 1977 के अपराह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट यू० सी० आई० एल० जादुगुड़ा में सहायक कमाडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया।

सं० ई०-38013(3)/15/77-कार्मिक—बडौदा से स्थानांतरित होने पर, श्री पी० एम० नदन ने 29 अक्तूबर, 1977 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट एफ० सी० आई० ट्रॉम्बे में सहायक कमांडेंट के पद का कार्यभार सम्भाल लिया है।

सं० ई०-38013(3)/17/77-कार्मिक—झरिया से स्थानांतरित होने पर, श्री ओ० पी० शर्मा ने 16 नवम्बर, 1977 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट यू० सी० आई० एल० जादूगुड़ा में सहायक कमाडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया।

दिनांक 3 दिसम्बर 1977

सं० ई०-16014(1)/5/76-कार्मिक—प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरित होने पर, आन्ध्र प्रदेश पुलिस सेवा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री बी० माला रेड्डी ने 1 नवम्बर 1977 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट आई० डी० पी० एल० हैदराबाद में कमांडेंट के पद का कार्यभार सम्भाल लिया।

सी० सि० बिष्ट
महानिरीक्षक/के० औ० सु० ब०

भारत के महापंजीकार का कार्यालय

नई दिल्ली-110011, दिनांक 3 दिसम्बर 1977

स० 11/5/77-प्रशा०-I—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अधिकारियों की उनमें से प्रत्येक के नाम के समक्ष दर्शित जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालयों में सहायक निदेशक, जनगणना कार्य (तकनीकी) के पदों पर तदर्थ नियुक्ति की अवधि को तारीख 1-10-1977 से तारीख 31-12-1977 तक तीन महीने की और अवधि के लिए या जब तक ये पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे, जो भी समय इनमें कम हो, सहर्ष बढ़ाते हैं।

क्र० सं०	अधिकारी का नाम	जनगणना कार्य निदेशक का कार्यालय	मुख्यालय	पिछली मंजूरी का सदर्भ
1	2	3	4	5
	सर्वश्री			
1	के० एस० डे	असम	गोहाटी	11/5/77-प्रशा०-1 तारीख 9-9-1977
2	एज० एल० कल्ला	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर	—यथोक्त—
3	जे० आर० वशिष्ठ	हरियाणा	चण्डीगढ़	—यथोक्त—
4	एस० जयशंकर	केरल	त्रिवेन्द्रम	11-5-77-प्रशा०-1 तारीख 5-9-1977

पी० पदमनाभ
भारत के महापंजीकार

स० व० प० राष्ट्रीय पुलिस अकादमी

हैदराबाद, दिनांक 26 नवम्बर 1977

स० 41/18/74-स्थापना—सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में मुख्य कवायद अनुदेशक के रूप में प्रतिनियुक्त उड़ीसा राज्य पुलिस के स्थायी सहायक सेनानायक श्री जी० पी० मिश्र को दिनांक 8-6-1975 (पूर्वाह्न) से 31-3-1977 (अपराह्न) की अवधि के लिए 1100 50-1600 रुपये के वेतनमान में 200 रुपये विशेष वेतन तथा

अन्य केन्द्रीय सरकार के नियमानुकूल मान्य भत्ते के साथ सहायक निदेशक (आउटडोर) के पद पर स्थानापन्न रूप में तदर्थ नियुक्त किया जाता ह।

2. यह गृह मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक 10/6/74-पर्स I दिनांक 14-11-77 द्वारा अनुमोदित है।

राजदेव सिंह
निदेशक

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
प्रतिभूति कागज कारखाना

होशंगाबाद, दिनांक 28 नवम्बर 1977

सं० सी०/4/6920—चूंकि श्री पी० एल० नारायणन, सहायक मुख्य नियंत्रण अधिकारी स्वैच्छिक निवृत्ति के पहिले अर्जि० अव० पर जा रहे हैं, इसलिये श्री एस० एस० जौहरी निरीक्षक (नियंत्रण) को रुपया 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतनमान में सहायक मुख्य नियंत्रण अधिकारी के पद पर तदर्थ आधार पर स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए दिनांक 20-11-1977 पूर्वाह्न से पदोन्नत किया जाता है।

रा० विश्वनाथन
महा प्रबन्धक

भारतीय लेखा परीक्षा तथा लेखा विभाग
भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक का कार्यालय

नई दिल्ली-110002, दिनांक 2 दिसम्बर 1977

सं० 4649-रा० स्था० I/एस०-66/पी० एफ०-II/दिनांक 1-11-77—श्री डी० बी० एस० सचदेव, भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा सेवा, को 1-6-77 से सार्वजनिक हित में उनके त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड में स्थायी रूप से विलयकरण के फलस्वरूप केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1972 के नियम 37 के अनुसार उसी तारीख से सरकारी सेवा से निवृत्त माना जाता है।

सं० 4736-रा० स्था० I/सी-8/पी० एफ०-II/दिनाक 7-11-1977—श्री पी० सी० कल्ला, भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा सेवा, 8 सितम्बर, 1977 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त हो गए हैं।

सं० 4737-रा०स्था०I/जी-13/पी०एफ०/दिनांक 8-11-77—श्री पी०वाई० गोडबोले, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा, 22 जुलाई, 1977 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त हो गए हैं।

सं० 4755-रा०स्था०I/सी-5/पी०एफ०-III/दिनांक 9-11-77 श्री जी० बी० वित्तल, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा, 25 अप्रैल, 1977 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त हो गए हैं।

एम० एम० बी० अन्नावी
सहायक नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (कार्मिक)

महालेखाकार कार्यालय, महाराष्ट्र-1

बम्बई-400020, दिनांक 30 सितम्बर 1977

सं० प्रशासन-I/आय० ए० डी०/5(283)/2970ए—श्री पी० पी० वकटेश्वरन, इस कार्यालय के स्थायी लेखा अधिकारी के टैरिफ़ सलाहकार समिति, बम्बई मे दिनाक 28-1-77 से स्थायी रूप से मा लेने के फ़लस्वरूप केन्द्रीय नागरी सेवा (निवृती वेतन) नियमावली 1972 के नियम-37, जो भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं० 44-(1) इव्ही/71 दिनांक 13-4-73 के साथ पढ़ा जाये, के अन्तर्गत दिनांक 28-1-77 से सेवा निवृत्त समझा जायेगा।

वित्त मंत्रालय ने श्री पी० पी० वेंकटेश्वरन, लेखा अधिकारी का टैरिफ़ सलाहकार समिति में स्थायी रूप से दिनांक 28-1-77 से सम्भालना मंजूर किया है।

श्रीमती आर० कृष्णन कुट्टी
वरिष्ठ उपमहालेखाकार (प्रशासन)

नई दिल्ली- दिनांक 30 नवम्बर 1977

का० आदेश सं०प्रशासन-5/663/23(ए)(2)—मुख्य लेखा परीक्षक, डाक-तार ने डाक-तार लेखा परीक्षा कार्यालय (भण्डार वर्कशाप तार जाच) कलकत्ता के अनुभाग अधिकारी श्री नकुलेश्वर घोष को "उससे नीचे नियम" के अन्तर्गत स्थानापन्न क्षमता में दिनांक 16-2-1976 से अगले आदेशों तक लेखाधिकारी (अब लेखा परीक्षाधिकारी) के रूप में पदोन्नत कर दिया है।

उनकी पदोन्नति तदर्थ आधार पर है और परिशोधनाधीन है।

लक्ष्मी चन्द्र पाटनी
उप मुख्य लेखा परीक्षक

रक्षा मंत्रालय
महानिदेशालय, आर्डनेन्स फ़ैक्टरिया
भारतीय आर्डनेन्स फैक्टरियां सेवा

कलकत्ता, दिनांक 24 नवम्बर 1977

सं० 77/जी०/77—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अधिकारियो को स्थानापन्न उप-महाप्रबन्धक / ए० डी० जी० ओ० एफ० ग्रेड-II/प्रिंसिपल के पद पर, उनके सामने दर्शायी गई तारीख से, आगामी आदेश होने तक, नियुक्त करते हैं :—

(1)	श्री पी० वासुदेवन्, स्थायी प्रबन्धक	20 अगस्त, 1977
(2)	श्री पी० के० सोनी, स्थायी प्रबन्धक	20 अगस्त, 1977
(3)	श्री बी० के० दत्ता, स्थायी प्रबन्धक	20 अगस्त, 1977
(4)	श्री डी० एन० सरकार, स्थायी वरिष्ठ डी०ए० डी०जी०ओ० एफ०	20 अगस्त, 1977
(5)	श्री ए० के० गहा, स्थायी प्रबन्धक	20 अगस्त, 1977

सं० 78/जी०/77—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अधिकारियों को स्थानापन्न प्रबन्धक/वरिष्ठ डी० ए० डी० जी० ओ० एफ़० के पद पर, उनके सामने दर्शायी गई तारीख से, आगामी आदेश होने तक, नियुक्त करते हैं —

सर्वश्री

(1) बी० एम० गुप्ता, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(2) सी० पी० अग्रवाल, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(3) आर० मोहनरंजन, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(4) जे० सिंह, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(5) एन० वेंकटरायन्, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(6) के० सुन्दरमूर्ती, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(7) एस० लक्ष्मीनारायणन्, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(8) बी० सी० पाल, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(9) एच० एल० शर्मा, स्थायी उप-प्रबन्धक 30 जून, 1977
(10) आर० शिव प्रसाद, स्थायी उप-प्रबन्धक 20 अगस्त, 1977
(11) एस० के० घोष, स्थायी उप-प्रबन्धक 20 अगस्त, 1977
(12) बी० दत्त, स्थानापन्न उप-प्रबन्धक 20 अगस्त, 1977
(13) ए० के० चटर्जी, स्थानापन्न उप-प्रबंधक 20 अगस्त, 1977
(14) ए० बी० लाल, स्थानापन्न डी० ए० डी० जी०। 20 अगस्त 1977
(15) जी० एन० बनर्जी, स्थायी उप-प्रबन्धक 20 अगस्त, 1977

सं० 79/जी०/77—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अधिकारियों को स्थानापन्न उप-प्रबन्धक के पद पर, उनके सामने दर्शायी गई तारीख से, आगामी आदेश होने तक, नियुक्त करते हैं —

(1) श्री ए० के० विश्वास, सहायक प्रबन्धक (परखावधि) 30 जून, 1977
(2) श्री ए० के० मुखोपाध्याय, सहायक प्रबन्धक (परखावधि) 30 जून, 1977
(3) श्री के० विश्वनाथन्, सहायक प्रबन्धक (परखावधि) 30 जून, 1977
(4) श्री बेनेडिक्ट मीज, सहायक प्रबन्धक (परखावधि) 30 जून, 1977
(5) श्री मुन्नी लाल, सहायक प्रबन्धक (परखावधि) 30 जून, 1977
(6) श्री गौरी शंकर, स्थानापन्न सहायक प्रबन्धक 30 जून, 1977
(7) श्री अमरजीत सिंह, सहायक प्रबन्धक (परखावधि) 30 जून, 1977
(8) श्री आर० पी० पाण्डे, सहायक प्रबन्धक (परखावधि) 30 जून, 1977

सं० 80/जी/77—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अधिकारियों को स्थानापन्न सहायक प्रबन्धक के पद पर उनके सामने दर्शायी गई तारीख से, आगामी आदेश होने तक, नियुक्त करते हैं:—

(1) श्री वाई० आर० मण्डल, स्थायी फ़ोरमैन 20 अगस्त, 1977
(2) श्री एस० एफ० मैरियाडोज, स्थानापन्न स्टोरहोल्डर 20 अगस्त, 1977

दिनांक 26 नवम्बर 1977

सं० 81/77/जी—वार्धक्य निवृत्ति आयु (58 वर्ष) प्राप्तकर, श्री नीलरतन दे, स्थानापन्न टी० एस० ओ० (मौलिक एवं स्थायी फ़ोरमैन) दिनांक 30 सितम्बर, 1977 (अपराह्न) से सेवा निवृत्त हुए।

एम० एन० शुक्ला,
सहायक महानिदेशक, आर्डनेन्स फ़ैक्टरियां

श्रम मंत्रालय

कोयला खान श्रमिक कल्याण संस्था

धनबाद, दिनांक दिसम्बर 1977

स० प्रशासन-12(7)72—निर्वतन आयु की प्राप्ति के फ़लस्वरूप कोयला खान कल्याण संस्था, धनबाद के वर्ग 'अ' अधिकारी श्रीमती एन० बनर्जी, कल्याण प्रशासन 30 सितम्बर, 1977 के अपराह्न से कोयला खान श्रमिक कल्याण संस्था की सेवा से निवृत्त हो गईं।

एच० एच० कुरैशी,
अपर कोयला खान कल्याण आयुक्त

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

कार्यालय विकास आयुक्त (लघु उद्योग)

नई दिल्ली-110011, दिनांक 23 नवम्बर 1977

सं० 12/745/72-प्रशासन (राजपत्रित)—लघु उद्योग, विकास संगठन में सहायक निदेशक (वर्ग 1) (चमड़ा/पादुका) श्री बी० एस० कदम का सरकारी सेवा से त्यागपत्र राष्ट्रपति जी दिनांक 11 मई, 1977 (पूर्वाह्न) से सहर्ष स्वीकृत करते हैं।

वी० वेंकटरायुलु,
उप-निदेशक (प्रशासन)

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण-I

कलकत्ता-12, दिनांक 5 दिसम्बर 1977

सं० एफ० 92-82/77-स्थापना/26516—डा० आर० एच० काम्बले को, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र पुणे के अंतर्गत सहायक प्राणी वैज्ञानिक (ग्रुप 'बी') के पद पर रु० 650—1200 रु० के वेतन मान में अस्थायी आधार पर 30 नवम्बर, 1977 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक नियुक्त किया जा रहा है।

डा० टी० एन० अनन्तकृष्णन, निदेशक

प्रादेशिक अभियन्ता (पूर्व) का कार्यालय

आकाशवाणी

कलकत्ता-700001, दिनांक 18 अक्तूबर 77

आदेश

स० 1(752)—केन्द्रीय सिविल सेवा (अस्थायी सेवा) नियम 1965 के नियम 5 के उपनियम (1) के मुताबिक, और कार्यालय के प्रधान की हैसियत से निम्न हस्ताक्षरित द्वारा श्री नित्यानंद सरकार, स्थानापन्न अवर, प्रादेशिक अभियन्ता (पूर्व) का कार्यालय, आकाशवाणी, कलकत्ता, को यह नोटिस दिया जाता है कि सरकारी गजट में इस नोटिस के प्रकाशित होने की तिथि से एक महीने बाद उनकी नौकरी समाप्त हो जाएगी।

देवेन्द्र नाथ दे,
उप-प्रादेशिक अभियंता

आकाशवाणी महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 30 नवम्बर 1977

स० 3/96/60-एस० टी०—महानिदेशक, आकाशवाणी श्री ईरशाद अली, वरिष्ठ लेखाकार, केन्द्रीय विक्रय एकक, आकाशवाणी, बम्बई को दिनांक 14-11-77 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक आकाशवाणी, इम्फाल में स्थानापन्न रूप में प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त करते हैं।

एस० वी० सेषाद्री,
प्रशासन उप-निदेशक
कृते महानिदेशक

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 29 नवम्बर 1977

स० ए० /2025/6/76-डी०—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने श्री के० एम० वर्मा को 3 नवम्बर, 1977 पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक सहायक औषध नियंत्रक (भारत) के बम्बई कार्यालय में तकनीकी अधिकारी के पद पर बिल्कुल अस्थायी आधार पर तैनात किया है।

आर० बालसुब्रह्मण्यन,
उप औषधि नियंत्रक (भारत),
कृते स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 24 नवम्बर 1977

स० ए० 31014/3/77-(एच० क्यू०) प्रशासन-2—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने 29 जून, 1976 से श्री एस० सी० जैन को केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) के स्थायी पद पर स्थायी आधार पर नियुक्त किया है।

दिनांक 30 नवम्बर 1977

स० ए० 12024/1/76-प्रशासन-1—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने डा० कुलदीप कौशिक को 4 मार्च, 1977 पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, इलाहाबाद में दन्त शल्य-चिकित्सक के पद पर तदर्थ आधार पर नियुक्त किया है।

दिनांक 3 दिसम्बर 1977

स० 19-20/74-प्रशासन-I—सरकारी चिकित्सा सामग्री भण्डार डिपो, मद्रास में सहायक निदेशक (औषधि विज्ञान) के पद पर अपना चयन हो जाने के फलस्वरूप डा० एस० जयसुन्दर ने 31 अक्तूबर, 1977 अपराह्न से जवाहर लाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान पांडिचेरी में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया है।

स० ए० 12026/19/77-(ज० स्ना० सं०) प्रशासन-I—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने, जवाहर लाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पांडिचेरी में डेमोन्स्ट्रेटर कुमारी जी० अनुराधा को 7 नवम्बर, 1977 पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक उसी संस्थान में वैज्ञानिक अधिकारी-कम-ट्यूटर (शरीर विज्ञान) के पद पर तदर्थ आधार पर नियुक्त किया है।

शुद्धि-पत्र

स० ए० 31013/4/77 (एच० क्यू०)/प्रशासन-I—निदेशालय की दिनांक 30 सितम्बर, 1977 की अधिसूचना संख्या ए० 31013/4/77-(एच० क्यू०)/प्रशासन-I में "उप चर्या सलाहकार" के स्थान पर कृपया "उपचर्या अफसर" पढ़ें।

शाम लाल कुठियाला,
उप निदेशक प्रशासन

नई दिल्ली, दिनांक 29 नवम्बर 1977

स० ए० 12025/5/76-भण्डार-I—राष्ट्रपति ने डा० एस० जयसुन्दर को 1 नवम्बर, 1977 पूर्वाह्न से जीव विज्ञान प्रयोगशाला तथा पशु गृह चिकित्सा सामग्री भण्डार डिपो, मद्रास में सहायक निदेशक (औषध विज्ञान) के पद पर नियुक्त किया है।

सगत सिंह,
उप-निदेशक प्रशासन

कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय

(ग्रामीण विकास विभाग)

विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय,

फरीदाबाद, दिनांक 6 दिसम्बर 1977

सं० फाइल 4-5(88)/77-प्र०III,—श्री के० सूर्यनारायण, सहायक विपणन अधिकारी को नागपुर में दिनांक 31 अक्तूबर, 1977 (पूर्वाह्न) से, तीन माह से अधिक अवधि के लिए नहीं,

या जब तक नियमित आधार पर कोई प्रबंध किए जाते हैं, दोनों में से पहले जो भी घटित हो, पूर्ण रूप से अल्पकालीन आधार पर स्थानापन्न विपणन अधिकारी वर्ग I नियुक्त किया जाता है।

2. विपणन अधिकारी के रूप में पदोन्नति होने पर श्री सूर्यनारायण ने दिनांक 29 अक्तूबर, 1977 के अपराह्न में हैदराबाद में सहायक विपणन अधिकारी के पद का कार्यभार छोड दिया है।

सं० 4-5(89)/77-प्र०III —श्री जे० नागेश्वर राव, सहायक विपणन अधिकारी, को नागपुर में दिनांक 14 नवम्बर, 1977 (पूर्वाह्न) से पूर्णतया अशकालीन आधार पर तीन माह से अधिक के लिए नहीं, या जब तक नियमित प्रबंध किए जाते हैं, दोनों में पहले जो घटित हो, स्थानापन्न रूप से विपणन अधिकारी (वर्ग I) नियुक्त किया जाता है।

2. विपणन अधिकारी के रूप में पदोन्नति होने पर श्री राव ने दिनांक 2 नवम्बर, 1977 के पूर्वाह्न में गुन्टूर में सहायक विपणन अधिकारी (वर्ग I) के पद का कार्यभार छोड दिया है।

सं० 4-6(116)/77-प्र०III —इस निदेशालय की अधिसूचना संख्या सम दिनांक 11-4-77 और 3-10-77 द्वारा 24-12-77 तक स्वीकृत सहायक विपणन अधिकारी (वर्ग I) के पद पर श्री एच० एन० शुक्ला की अशकालीन नियुक्ति को, आगे की अवधि के लिए, जो तीन माह से अधिक नहीं है, या जब तक नियमित प्रबंध किए जाते हैं, दोनों में से पहले जो भी घटित हो, बढाया जा चुका है।

सं० 4-6(117)/प्र० तृ०—इस निदेशालय की अधिसूचना संख्या सम दिनांक 10 जून, 1977 द्वारा 17 मई, 1977 (पूर्वाह्न) से 6 माह की अवधि के लिए अधिसूचित सहायक विपणन अधिकारी (वर्ग I) के पद पर श्री एस० पी० सक्सेना की अशकालीन नियुक्ति को, आगे की अवधि के लिए जो तीन माह से अधिक नहीं है, या जब तक नियमित प्रबन्ध किए जाते हैं, दोनों में से पहले जो भी घटित हो, बढाया जा चुका है।

सं० 4-6(118)/77प्र० III—इस निदेशालय की अधिसूचना संख्या सम दिनांक 18 जुलाई, 1977 द्वारा 13 जून, 1977 से 6 माह की अवधि के लिए अधिसूचित सहायक विपणन अधिकारी (वर्ग I), के पद पर अशकालीन आधार पर श्री एन० जी० शुक्ला की नियुक्ति को आगे की अवधि के लिए, जो तीन माह से अधिक नहीं है या जब तक नियमित प्रबंध किए जाते हैं, दोनों में से पहले जो भी घटित हो, बढाया जा चुका है।

सं० 4-6(119)/77-प्र०III—इस निदेशालय की अधिसूचना संख्या सम दिनांक 19 मार्च, 1977 और 1 अक्तूबर, 1977 द्वारा 8 दिसम्बर, 1977 तक स्वीकृत सहायक विपणन अधिकारी (वर्ग I) के पद पर श्री रमेश चन्द्र सिंघल की अशकालीन नियुक्ति को आगे की अवधि के लिए जो तीन माह से अधिक नहीं है, या जब तक नियमित प्रबंध किए जाते हैं, दोनों में से पहले जो भी घटित हो, बढाया जा चुका है।

वी० पी० चावला,
निदेशक, प्रशासन
कृते कृषि विपणन सलाहकार

नागपुर, दिनांक 5 नवम्बर 1977

सं० 5/11/77-वि० II—भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) सीमा शुल्क अधिसूचना सं० 124 दिनांक 15-9-1962 के लिए मैं एतद्द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों को इस अधिसूचना के जारी किए जाने की तारीख से हरड, जिनका श्रेणीकरण समय समय पर संशोधित और कृषि उपज (श्रेणीकरण और चिह्नन) अधिनियम 1937 (1937 का 1) के खण्ड 3 के अधीन सूत्रीकृत हरड श्रेणीकरण और चिह्न नियमों के उपबन्धों के अनुसार किया जा चुका है, के सम्बन्ध में श्रेणीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत करता हूं।

नाम	पद
1 श्री एम० एम० धूमे	उप वरिष्ठ विपणन अधिकारी
2 श्री जी० एच० धनकर	सहायक विपणन अधिकारी

जे० एस० उप्पल,
कृषि विपणन सलाहकार

दिल्ली दुग्ध योजना

नई दिल्ली-8, दिनांक 2 नवम्बर 1977

सं० 3-20/77-स्था० (विशेष)—अध्यक्ष, दिल्ली दुग्ध योजना श्री मादु राम को लेखा अधिकारी (ग्रुप 'बी' राजपत्रित) के रूप में प्रतिनियुक्ति पर दिनांक 18-11-77 (अपराह्न) से अगले आदेश जारी होने तक दिल्ली दुग्ध योजना में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

गोरख राम,
अध्यक्ष

परमाणु ऊर्जा विभाग

विद्युत् परियोजना इंजीनियरी प्रभाग

बम्बई-5, दिनांक 8 नवम्बर 1977

सं० पी० पी० ई० डी०/3(262)/76-प्रशासन/15212—इस प्रभाग की 21 सितम्बर, 1977 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में, इस विभाग के स्थायी उच्च श्रेणी लिपिक एवं स्थानापन्न प्रवरण कोटि लिपिक श्री एच० एच० शाह जिनकी नियुक्ति सहायक कार्मिक अधिकारी श्री टी० टी० पिशौरी के स्थान पर, जिन्हें प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था, अस्थायी रूप से सहायक कार्मिक अधिकारी के पद पर 1 सितम्बर, 1977 के पूर्वाह्न से 11 अक्तूबर 1977 के अपराह्न तक की गई थी, सहायक कार्मिक अधिकारी के पद का कार्यभार 13 अक्तूबर, 1977 के अपराह्न तक अस्थायी रूप से संभाल रहे।

दिनांक 21 नवम्बर 1977

स० पी० पी० ई० डी०/3(236)/77-प्रशा०-15539—विद्युत् परियोजना इंजीनियरी प्रभाग के निदेशक, इस प्रभाग के सर्वश्री एस० के पंडित, स्थायित्वत् ड्राफ्टसमैन 'सी' एवं आई० के भाटिया, अस्थायी वैज्ञानिक सहायक 'बी' की इसी प्रभाग में 1 अगस्त, 1977 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए अस्थायी रूप से वैज्ञानिक अधिकारी/इंजीनियर—ग्रेड 'एस बी' नियुक्त करते हैं।

वी० वी० भट्टे,
प्रशासन-अधिकारी

बम्बई-5, दिनांक 16 नवम्बर 1977

स० पी० पी० ई० डी०/3(240)/77-शासन/15364—निम्नलिखित कार्मिकों को, जो परमाणु ऊर्जा विभाग के उन यूनिटों में कार्य कर रहे हैं जो नीचे उनके नामों के सामने लिखे हुए हैं, परमाणु ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय-कृत संवर्ग में 1 अगस्त, 1977 से रु० 650-30-740-880-द० रो०-40-960 के वेतनमान में सहायक प्रशासन अधिकारी के पदों पर स्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है :—

क्रम सं०	कार्मिक का नाम	वर्तमान पद	उस परियोजना/यूनिट का नाम जिसमें कार्य कर रहे हैं	टिप्पणी
1.	श्री टी० टी० पिशौरी	सहायक कार्मिक अधिकारी	विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग।	विद्युत् परियोजना इंजीनियरी प्रभाग में स्थायीवत् सहायक कार्मिक अधिकारी।
2.	श्री आर० के० बाली	प्रशासन अधिकारी	भारी पानी परियोजना	विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग के पूल में स्थायी निजी सहायक एवं भारी पानी परियोजना कोटा में प्रशासन अधिकारी-III

एम० आर० श्रीनिवासन,
निदेशक

परमाणु ऊर्जा विभाग

क्रय एवं भंडार निदेशालय

मुम्बई-400 039, दिनांक 8 नवम्बर 1977

सं० डी०पी० एस०/2/1(16)/77-प्रशासन/32987—इस निदेशालय की दिनांक 22 अगस्त, 1977 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में, परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय एवं भंडार निदेशालय के निदेशक, भंडार यूनिट (क्रय एवं भंडार निदेशालय) के स्थानापन्न भंडारी श्री परारी किज़ाक्कोडन राधाकृष्णन को उसी निदेशालय के कलकत्ता स्थित परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रान में 31 दिसम्बर, 1977 तक की और अवधि के लिये तदर्थ आधार पर सहायक भंडार अधिकारी नियुक्त करते हैं।

बी० जी० कुलकर्णी,
सहायक कार्मिक अधिकारी

मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना

कलपक्कम- 603 102, दिनांक 22 अक्तूबर 1977

स० एम० ए० पी० पी० /5(27)/73-प्रशासन—भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के स्थायी आशुलिपिक तथा मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना के स्थानापन्न सहायक कार्मिक अधिकारी श्री एन० बी० रमणन, को मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना में 650-30-740-35-880-द० रो०-40-960 रुपये के वेतनमान में सहायक कार्मिक अधिकारी के स्थायी पद के बदले बनाए गए पद पर केन्द्रीय संवर्ग के सहायक प्रशासन अधिकारियों के ग्रेड में 1 अगस्त, 1977 से मौलिक रूप से नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 24 अक्तूबर 1977

स० एम० ए०पी० पी०/5(27)/73-प्रशासन—मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना के स्थानापन्न प्रशान अधिकारी-III श्री के० बालकृष्णन को मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना में सहायक कार्मिक अधिकारी के स्थायी पद के बदले बनाए गए पद पर 650-30-740-35-880-द० रो०-40-960 रुपये के वेतनमान में केन्द्रीय संवर्ग के सहायक प्रशासन अधिकारियों के ग्रेड में 1 अगस्त, 1977 से मौलिक रूप से नियुक्त किया जाता है।

एम० आर० श्रीनिवासन, निदेशक
विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग

पर्यटन और नागर विमान विभाग

भारत मौसम विज्ञान विभाग

नई दिल्ली-3, दिनांक 30 नवम्बर 1977

स० ई० (1) 03302—निदेशक, प्रादेशिक मौसम केन्द्र, मद्रास, भारत मौसम विज्ञान विभाग के कार्यालय में सहायक

मौसम विज्ञानी श्री जे० वी० नारायण, निवर्तन की आयु पर पहुंचने पर 31 अक्तूबर, 1977 के अपराह्न से सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए।

दिनांक 6 दिसम्बर 1977

सं० ई० (I) 00939—वेधशालाओं के महानिदेशक श्री सूर्यबली को भारत मौसम सेवा, ग्रुप-बी (केन्द्रीय सिविल सेवा ग्रुप बी) में 2 नवम्बर 1977 से आगामी आदेश तक सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर अस्थायी रूप में नियुक्त करते हैं।

श्री बली को वेधशालाओं के महानिदेशक के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली में तैनात किया जाता है।

गुरमुख राम गुप्ता
मौसम विज्ञानी
कृते वेधशालाओं के महानिदेशक

महानिदेशक नागर विमानन का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 अक्तूबर 1977

सं० ए० 32014/2/77-ई०सी०—महानिदेशक नागर विमानन ने निम्नलिखित दो संचार सहायकों को 7 सितम्बर 1977 (पूर्वाह्न) से तथा अन्य आदेश होने तक नियमित आधार पर सहायक संचार अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है और उन्हें प्रत्येक के नाम के सामने दिये गये स्टेशन पर तैनात किया है:—

क्रम सं०	नाम	तैनाती स्टेशन
1.	वाई० वी० भापटकर	वैमानिक संचार, स्टेशन, बम्बई
2.	श्री ए० विश्वनाथन	वैमानिक संचार स्टेशन, बम्बई

दिनांक 3 दिसम्बर 1977

सं० ए० 12025/3/76-ई० डब्ल्यू०—राष्ट्रपति ने श्री एल० सी० गुप्ता को 24 अक्तूबर, 1977 पूर्वाह्न से तथा अन्य आदेश होने तक स्थानापन्न रूप में रुपये 700-40-900-द० रो०-40-1100-50-1300 के वेतनमान में, नागर विमानन विभाग में विद्युत और यांत्रिक अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है।

श्री एल० सी० गुप्ता को क्षेत्रीय नियन्त्रक विमान क्षेत्र, बम्बई क्षेत्र, बम्बई के कार्यालय में नियुक्त किया जाता है।

एम० डी० शर्मा,
उप निदेशक प्रशासन

वन अनुसंधान संस्थान एवं महाविद्यालय,

देहरादून, दिनांक 3 दिसम्बर 1977

सं० 20/378/75-स्थापना-I—अध्यक्ष, वन अनुसंधान संस्थान एवं महाविद्यालय, देहरादून, श्री के० एस० पृथी, अनुसंधान सहायक वर्ग-I (वरण ग्रेड) को दिनांक 5 अक्तूबर, 1977 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक तदर्थ आधार पर सहर्ष अनुसंधान अधिकारी, वन अनुसंधान संस्थान एवं महाविद्यालय, देहरादून नियुक्त करते हैं।

पी० आर० के० भटनागर
कुल सचिव,
वन अनुसंधान संस्थान एवं महाविद्यालय

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क समाहर्तालय

गुन्टूर-4, दिनांक 26 अक्तूबर 1977

सं० 5/77—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के निम्नलिखित उप-अधीक्षक (मौज०) तथा वरिष्ठ ग्रेड के निरीक्षकों को अगला आदेश जारी किए जाने तक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालय गुन्टूर में केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक, ग्रुप 'बी' के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपने-अपने नाम के सामने दिखाई गई तिथियों से केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के अधीक्षक ग्रुप 'बी' के रूप में उक्त पद का कार्यभार संभाल लिया है:—

क्रम सं०	अधिकारी का नाम	स्थान	के० उ० शु० अधीक्षक ग्रुप 'बी' के रूप में कार्यभार संभालने की तिथि
	सर्वश्री		
1.	बी० वी० सुब्बैया उप अधीक्षक (मौज०)	एम० ओ० आर० कांचि कचरेला	11-7-77
2.	टी० लक्ष्मण राव	नरसापुर शोर गार्ड पार्टी।	4-8-77
3.	ए० वेंकट सुब्बाराव	मासुलिपटनम शोर गार्ड पार्टी।	4-8-77
4	पी० सी० चेरियन	कोथापटनम शोर गार्ड पार्टी मुख्यालय ओंगले।	22-9-77
5	आर० एल० नरसिंह राव	कालिंगापटनम् शोर गार्ड पार्टी मुख्यालय सीरीकाकुलम।	27-8-77
6	के० दुर्गा प्रसाद	आई० डी० ओ०-II गुन्टूर।	9-8-77
7.	एन० नरसिंह राव	एम० ओ० आर० चन्टिलापुडी।	9-8-77

स० 6/77—ग्रुप 'बी' के निम्नलिखित केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के अधीक्षक वार्धक्य के कारण अपने-अपने नाम के सामने दिखाई गई तिथियो से सेवा निवृत्त हो गये :—

क्रम सं०	अधिकारी का नाम	स्थायी/ स्थानापन्न	स्थान	नौकरी से सेवा निवृत्त होने की तिथि
सर्वश्री				
1.	के०आर० के० शर्मा	स्थाई	एम०ओ०आर० II, ईलूरु	31-7-77 (अपराह्न)
2	टी० सूर्यराव	स्थानापन्न	आई०डी०ओ० II, विशाखा-पटनम ।	31-7-77 (अपराह्न)
3.	के० सुन्दररामन्	स्थाई	एम०ओ०आर० वाटपलेम	30-9-77 (अपराह्न)

सी० भुजंगस्वामी, समाहर्ता

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय

मुख्य यांत्रिक अभियन्ता का कार्यालय

पुनर्वास भूमि उद्धार संगठन

जेपुर, दिनाक 29 नवम्बर 1977

सं० पी० 2/97/77-खड-II—श्री छेदालाल गुप्ता कार्यालय अधीक्षक, मुख्य यांत्रिक अभियन्ता का कार्यालय, पुनर्वास भूमि उद्धार सगठन, जेपुर (उडीसा) को विभागीय पदोन्नति समिति की सिफोरिश पर दिनांक 24-11-77 के पूर्वाह्न से सहायक प्रशासन अधिकारी (सामान्य केन्द्रीय सेवा ग्रुप बी) के पद पर 650-30-740-35-880-ब० रो०-40-960 रुपये के वेतनमान में पदोन्नति दी जाती है । उपर्युक्त दिन से 2 वर्ष की अवधि के लिये उन्हे परिवीक्षा पर रखा जाता है ।

श्री छेदालाल गुप्ता ने दिनांक 24 11-77 के पूर्वाह्न से सहायक प्रशासन अधिकारी के पद का कार्यभार मंडल-4, पुनर्वास भूमि उद्धार संगठन, शाहपुर, जिला बेतुल (म०प्र०) में सभाला ।

एम० पट्टनायक
ले० कर्नल (सेवा-निवृत्त)
मुख्य यांत्रिक अभियन्ता

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

कम्पनी कार्य विभाग

(कम्पनी विधि बोर्ड)

कम्पनी रजिस्ट्रार का कार्यालय

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 445(2) के अधीन सूचना

कम्पनी अधिनियम, 1956 और कैलाश कास्टिंग्स प्राईवेट लिमिटेड के विषय में ।

बम्बई, दिनाक 1 दिसम्बर 1977

सिविल अर्जी सं० 315 के 1975 में बम्बई हाईकोर्ट में स्थित उच्च न्यायालय के तारीख 30-4-1976 के आदेश द्वारा कैलाश कास्टिंग्ज प्राईवेट लिमिटेड का परिसमापन करने का आदेश दिया गया है ।

कम्पनी अधिनियम 1956 और एनविको प्राईवेट लिमिटेड के विषय में ।

बम्बई, दिनाक 1 दिसम्बर 1977

सिविल अर्जी स० 577 के 1976 में बम्बई हाईकोर्ट में स्थित उच्च न्यायालय के तारीख 16-11-1975 के आदेश द्वारा एनविको प्रायवेट लिमिटेड का परिसमापन करने का आदेश दिया गया है ।

कम्पनी अधिनियम 1956 एवं न्यु कर्नाटक ट्रेडिंग कं० प्राईवेट लिमिटेड के विषय में ।

बम्बई, दिनाक 1 दिसम्बर 1977

स० 5203/560(5)—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (5) के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि न्यु कर्नाटक ट्रेडिंग कम्पनी (प्रायवेट) लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गई है ।

कम्पनी अधिनियम, 1956 एवं श्री कन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के विषय में ।

बम्बई, दिनांक 1 दिसम्बर 1977

सं० 6356/560(5)—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (5) के अनुसरण से एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि श्री कन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गई है ।

कम्पनी अधिनियम, 1956 एव मसर्स थरमोमीटर्स एण्ड ग्लास इन्स्ट्रुमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड के विषय मे ।

बम्बई, दिनांक 1 दिसम्बर 1977

सं० 13112/560(5)—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (5) के अनुसरण से एतद्

द्वारा सूचना दी जाती है कि मैसर्स थरमामीटर्स एण्ड ग्लास इन्स्ट्रूमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गई है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 एवं मैसर्स सदेश ट्रेडिंग एण्ड फायनान्स प्राईवेट लिमिटेड के विषय में।

बम्बई, दिनाक 1 दिसम्बर, 1977

सं० 16488/560(5)—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उप धारा (5) के अनुसरण में एतद्-द्वारा सूचना दी जाती है कि मसर्स संदेश ट्रेडिंग एण्ड फायनान्स प्राईवेट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गई है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 एवं मैसर्स केमीका इन्डिया प्रायवेट लिमिटेड के विषय में।

बम्बई, दिनाक 1 दिसम्बर 1977

स० 7875/560(5)—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (5) के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि मेसर्स केमीका इन्डिया प्राईवेट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गई है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 एवं मैसर्स दी इन्डस्ट्रीयल स्टोर्स कं० हैदराबाद प्राईवेट लिमिटेड के विषय में।

बम्बई- दिनाक 1 दिसम्बर 1977

सं० 8434/560(5)—कम्पनी अधिनियम, 1965 की धारा 560 की उपधारा (5) के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि मैसर्स दी इन्डस्ट्रीयल स्टोर्स क० (हैदराबाद) प्रायवेट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गई है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 एव पोली प्रापोलीन प्रोडक्ट्स (प्रायवेट) लिमिटेड के विषय में।

बम्बई, दिनाक 1 दिसम्बर 1977

सं० 17310/560(3)—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (3) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि इस तारीख से तीन मास के अवसान पर पोली प्रोपोलीन प्रोडक्ट्स (प्रायवेट) लिमिटेड का नाम इसके प्रतिकूल कारण दर्शित न किया गया तो रजिस्टर से काट दिया जाएगा और उक्त कम्पनी विघटित कर दी जाएगी।

कम्पनी अधिनियम, 1956 एवं मैसर्स विदर्भ सिमेंट लिमिटेड के विषय में।

बम्बई, दिनांक 1 दिसम्बर 1977

स० 17623/560(5)—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 उपधारा (5) के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि मसर्स विदर्भ सिमेंट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गई है।

श्रीराम
कम्पनियों का सहायक रजिस्ट्रार, महाराष्ट्र

कम्पनी अधिनियम, 1956 और चन्डी ब्रादर्स प्राईवेट लिमिटेड के विषय में।

कलकत्ता, दिनाक 29 नवम्बर, 1977

स० 8564/560(3)—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (3) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कि इस तारीख से तीन मास के अवसान पर चन्डी ब्रादर्स प्राईवेट लिमिटेड का नाम इसके प्रतिकूल कारण दर्शित न किया गया तो रजिस्टर से काट दिया जायगा और उक्त कम्पनी विघटित कर दी जाएगी।

कम्पनी अधिनियम 1956 और देवेन्द्र मिल्स लिमिटेड के विषय में।

कलकत्ता, दिनाक 29 नवम्बर 1977

स० 12724/560(5) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (3) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि इस तारीख से तीन मास के अवसान पर देवेन्द्र मिल्स लिमिटेड का नाम इसके प्रतिकूल कारण दर्शित न किया गया तो रजिस्टर से काट दिया जाएगा और उक्त कम्पनी विघटित कर दी जाएगी।

एम० सी० नाथ
कम्पनियों का सहायक रजिस्ट्रार,
पश्चिम बंगाल

अहमदाबाद-38 0009, दिनाक 3 दिसम्बर, 1977

कम्पनी अधिनियम, 1956 और मेसर्स सिगुल बेनीफीट प्राइवेट लिमिटेड के विषय में।

स० 1464/लिक्वीडेशन—कम्पनी अरजी न० 5/1977 में अहमदाबाद स्थित उच्च न्यायालय के तारीख 4-7-1977 के आदेश द्वारा मसर्स सिगुल बेनीफिट प्राइवेट लिमिटेड का परिसमापन का आदेश दिया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 और मसर्स एशियन रेयान एंड सिल्क, मैन्युफैक्चरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के विषय में।

अहमदाबाद, दिनांक 6 दिसम्बर, 1977

स० 560/2132—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (3) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि इस तारीख से तीन मास के अवसान पर मसर्स एशियन रेयान एंड सिल्क मैन्युफैक्चरिंग कपनी प्राइवेट लिमिटेड

का नाम इसके प्रतिकूल कारण दर्शित न किया गया तो रजिस्टर से काट दिया जाएगा और उक्त कम्पनी विघटित कर दी जाएगी ।

पी० टी० गजवानी
प्रमण्डल पंजीयक, गुजरात राज्य,
अहमदाबाद

कपनी अधिनियम, 1956 और मोबैल्स

एंड स्ट्रक्चुरल्स प्राईवेट लिमिटेड के विषय में ।

मद्रास, दिनांक 1 दिसम्बर 1977

सं० 4686/लिक्वी०/445/77—एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि न्यायालय कार्यवाही सं० 47/1976 में उच्च न्यायालय, मद्रास की फाइल पर दिये गये दिनांक 2 अगस्त, 1977 के आदेश द्वारा कम्पनी मोबेल्स एण्ड स्ट्रक्चुरल्स प्राईवेट लिमिटेड को समाप्त कर दिया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 एवं जन्नट चिट फण्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के विषय में ।

मद्रास, दिनांक 1 दिसम्बर 1977

सं० 5800/लिक्वी०/445/77—एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि न्यायालय कार्यवाही सं० 80/1972 में उच्च न्यायालय, मद्रास, की फाइल पर दिये गये दिनांक 2-2-1973 के आदेश द्वारा कम्पनी जन्नट चिट फण्ड्स प्राइवेट लिमिटेड को समाप्त कर दिया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 और अखिला उलग तमिल एलुत्तालर मन्ड्रम प्राइवेट लिमिटेड के विषय में ।

मद्रास, दिनांक 6 दिसम्बर 1977

सं० 5256/560(5)/77—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (5) के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अखिला उलग तमिल एलुत्तालर मन्ड्रम प्राइवेट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गयी है ।

कम्पनी अधिनियम, 1956 और मद्रास इनसुल एजेन्सीस प्राइवेट लिमिटेड के विषय मे

मद्रास, दिनांक 6 दिसम्बर 1977

सं० 5417/560(5)/77—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (5) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि मद्रास इनसुल एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गयी है ।

सी० अच्युतन,
कम्पनियों का सहायक रजिस्ट्रार
मद्रास

कम्पनी अधिनियम, 1956 और के० उमा होटेल प्राइवेट लिमिटेड के विषय मे ।

कटक, दिनांक 3 दिसम्बर 1977

सं० ए० 630/77-4251(2)—कम्पनी अधिनियम, की धारा 560 की उपधारा (3) के अनुसरण मे एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उमा होटेल प्राईवेट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से काट दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गयी है ।

डी० के० पाल
कम्पनियों का रजिस्ट्रार, उड़ीसा

प्ररूप आई० टी० एन० एस०——

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज-II, अहमदाबाद

अहमदाबाद, दिनांक 2 दिसम्बर 1977

निदेश सं० पी० आर० 537/ए० सी० क्यू० 23-959/7-4/77-78—यतः मुझे, एस० सी० परीख आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है और जिसकी सं० वार्ड० नं० 6 स० नं० 266/1 टीका नं० 56, सी० टी० एस० नं० 3042 पैकी प्लाट नं० 10 और 11 है, तथा जो आशाबाग सोसायटी, नवसारी, जिला . वलसाड में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, नवसारी में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन 19-4-1977 को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धनकर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात्:—

1. श्री दयालजीभाई गोविंदजी पटेल सुधाबिल्डंग, 7वें और 12वें मार्ग का कोना, खार, बम्बई-52 (अन्तरक)

2 (1) मंजुलाबेन कविनचन्द्र परीख 111-बी०, एटलास एपार्टमेन्ट्स, 11वां मजला, हारकनस रोड, बम्बई-6

(2) श्री सरयुबेन जितेन्द्र परीख, क्वीन्स क्यू०, डी-1, चौथा फ्लोर, वालकेश्वर रोड, बम्बई-6 (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप:—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में यथापरिभाषित है, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

खुली जमीन जिसका कुल माप 12510.6 वर्ग फुट है तथा जो वार्ड नं० 6 स० नं० 266/1 टीका नं० 56 सिटी सर्वे नं० 3042 पैकी प्लाट नं० 10 और 11 आशाबाग सोसायटी, नवसारी में स्थित है जैसा कि रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी नवसारी के अप्रैल 1977 के रजिस्ट्रीकृत विलेख नं० 1822 में प्रदर्शित है।

एस० सी० परीख
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अर्जन रेंज-II, अहमदाबाद

तारीख: 2-12-1977
मोहर:

प्ररूप आई० टी० एन० एस०——

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269 ध(1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, लखनऊ

लखनऊ, दिनांक 3 दिसम्बर 1977

निदेश सं० आर०—123/ए० सी० क्यू०—अतः, मुझे, अमर सिंह बिसेन,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ध के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

जिसकी संख्या —— है तथा जो सिविल लाइन मुरादाबाद में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय मुरादाबाद में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख अप्रैल 1977 को

पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :——

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् .——

(1) श्री चुन्नी लाल चड्ढा (अन्तरक)

(2) श्रीमती राज रानी, श्रीमती शान्ति रानी व श्रीमती शकुन्तला रानी (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :——

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किये जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :——इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

एक किला कोठी का 1/3 भाग जो कि सिविल लाइन मुरादाबाद में स्थित है या जैसे कि रजिस्ट्रीकृत विलेख नं० 753 माह अप्रैल 1977 को रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय मुरादाबाद में लिखा है।

अमर सिंह बिसेन
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अर्जन रेंज, लखनऊ

तारीख : 3-12-1977

मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०——

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, लखनऊ

लखनऊ, दिनांक 3 दिसम्बर 1977

निदेश नं० बी०-36 (ए० सी० क्यू०) .——अत, मुझे अमर सिंह बिसेन आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमे इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर संपत्ति जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है और जिसकी स० 253 बी० है तथा जो मोहल्ला मोहब्बतिया बाग, शहर इलाहाबाद मे स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची मे और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय सब रजिस्ट्रार, इलाहाबाद मे रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख 22-4-1977 को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित मे वास्तविक रूप से कथित नही किया गया है :——

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व मे कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियो को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धनकर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नही किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने मे सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियो, अर्थात् :—

(1) श्री ओम प्रकाश व राम प्रकाश पुत्र श्री गया प्रसाद, इलाहाबाद ।

(अन्तरक)

(2) श्री वासुदेव मिश्र

(अन्तरिती)

(3) श्री वासुदेव मिश्र

(वह व्यक्ति जिसके अधिभोग मे सम्पत्ति है)

(4) श्री ओम प्रकाश व राम प्रकाश ।

(वह व्यक्ति, जिसके बारे मे अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति मे हितबद्ध है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं ।

उक्त संपत्ति के अर्जन के संबध में कोई भी आक्षेप :——

(क) इस सूचना के राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियो पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद मे समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियो में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सपत्ति मे हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण :——इसमे प्रयुक्त शब्दो और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क मे परिभाषित है, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है ।

अनुसूची

मकान नम्बरी 253-बी० मोहल्ला सोहबतिया बाग, शहर इलाहाबाद मे जमीन व मकान, कुल क्षेत्रफल 115 73 वर्ग मीटर दो मंजिला ।

उत्तर से दक्षिण जानिब पूर्व ——54 फीट 6 इंच ।

उत्तर से दक्षिण जानिब पश्चिम——44 फिट 6 इंच ।

पूरब से पश्चिम जानिब दक्षिण——25 फिट ।

सीमा :——

पूरब : मकान श्री विशम्भर नाथ सिंह ।

पश्चिम . मकान नं० 254 श्रीमती बेला देवी ।

उत्तर . सड़क ।

दक्षिण : मकान न० 253-बी शीतला प्रसाद; जैसा कि प्रपत्र सख्या 36 जी० नम्बर 1338 दिनाक 22-4-77 मे दिया गया है जोकि सब-रजिस्ट्रार इलाहाबाद मे दर्ज है ।

अमर सिंह बिसेन
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अर्जन रेंज, लखनऊ

तारीख : 3-12-77
मोहर :

प्ररूप भाई० टी० एन० एस०———

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, काकिनाडा

काकिनाडा, दिनाक 2 दिसम्बर 77

सं० नं० 520 ——यत:, मुझे एन० के. नागराजन आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सपत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

और जिसकी सं० 11-64-49 मे 52 है, जो विजयवाडा मे स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची मे और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, विजयवाडा मे भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख 4-4-77 को

पूर्वोक्त सपत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त संपत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियो) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित मे वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है——

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व मे कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए, और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियो को जिन्हे भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के पयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नही किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने मे सुविधा के लिए;

अत: अब, उक्त अधिनियम की धारा 269ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :——

(1) 1 श्रीमती गुनडुपल्लि, बगारम्मा } विजयवाडा
2 श्री गुनडुपल्लि परसुराम }

(अन्तरक)

(2) 1. श्री शेक हास्सन साहेब } विजयवाडा
2 श्री शेक नन्द साहेब }

(अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सपत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहिया शुरू करता हूं।

उक्त सपत्ति के अर्जन के सबंध मे कोई भी आक्षेप :——

(क) इस सूचना के राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबधी व्यक्तियो पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद मे समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियो मे से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सपत्ति मे हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित मे किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :——इसमे प्रयुक्त शब्दो और पदो का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क मे यथापरिभाषित है, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय मे दिया गया है।

अनुसूची

विजयवाडा रजिस्ट्री अधिकारी से पाक्षिक अंत 15-4-77 मे पजीकृत दस्तावेज नं० 527/77 मे निगमित अनुसूची संपत्ति।

एन० के० नागराजन
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, काकिनाडा

तारीख 2-12-77
मोहर .

प्ररूप आई० टी० एन० एस०------

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269घ(1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, काकिनाडा

काकिनाडा, दिनांक 2 दिसम्बर 1977

विषय	कोड संख्या	नियत समय	अधिकतम अंक
भौतिकी	01	2 घंटे	150
रसायन विज्ञान	02	2 घंटे	150
गणित	03	2 घंटे	150
वनस्पति विज्ञान	04	2 घंटे	150
प्राणि विज्ञान	05	2 घंटे	150
भूविज्ञान	06	2 घंटे	150
भूगोल	07	2 घंटे	150
अंग्रेजी साहित्य	08	2 घंटे	150
भारत का इतिहास	09	2 घंटे	150
सामान्य अर्थशास्त्र	10	2 घंटे	150
राजनीति विज्ञान	11	2 घंटे	150
समाज शास्त्र	12	2 घंटे	150
मनोविज्ञान	13	2 घंटे	150

(ख) नौसेना अकादमी में प्रवेश के लिए

विषय	नियत समय	अधिकतम अंक
आनवार्य :—		
1. अंग्रेजी	2 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान	2 घंटे	100
वैकल्पिक		
*3. प्रारम्भिक गणित या प्रारम्भिक भौतिकी	2 घंटे	100
*4 गणित या भौतिकी	2 घंटे	150

*जो उम्मीदवार प्रारंभिक गणित लेंगे उन्हे चौथे प्रश्न पत्र में भौतिकी विषय लेना होगा तथा जो उम्मीदवार प्रारंभिक भौतिकी लेंगे उन्हे चौथे प्रश्न-पत्र में गणित विषय लेना होगा ।

(ग) अधिकारी प्रशिक्षण शाला में प्रवेश के लिए

विषय	नियत समय	अधिकतम अंक
1. अंग्रेजी	2 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान	2 घंटे	100

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए जो अधिकतम अंक नियत किए गए हैं वे प्रत्यक विषय के लिए समान होंगे अर्थात भारतीय सेना अकादमी, नौसेना अकादमी और अफसर ट्रेनिंग स्कूल में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए नियत अधिकतम अंक क्रमश: 450, 450 और 200 होंगे ।

3. समस्त विषयो के प्रश्न-पत्रो मे केवल वस्तुपरक प्रश्न पूछे जाएंगे । नमूने के प्रश्नो सहित विस्तृत विवरण कृपया परिशिष्ट V पर 'उम्मीदवारो के लिए सूचना पुस्तिका' मे देखिए ।

4. प्रश्न-पत्रो मे जहा भी आवश्यक होगा, केवल तोल और माप की मीटरी पद्धति से सबधित प्रश्नों को ही पूछा जाएगा ।

5. सब प्रश्न-पत्रो के उत्तर अंग्रेजी मे दिए जाएं, जब तक कि प्रश्न-पत्र मे विशेष रूप से अन्यथा न कहा जाए ।

6. उम्मीदवारो को प्रश्न पत्रो के उत्तर अपने हाथ से लिखने चाहिए । किसी भी दशा मे उन्हे प्रश्नो के उत्तर लिखने के लिए लिखने वाले की सहायता सुलभ नही की जाएगी ।

7. परीक्षा के एक या सभी विषयो के अर्हक अंको का निर्धारण आयोग की विवक्षा पर है ।

8. केवल सतही ज्ञान के लिए अंक नही दिए जाएंगे ।

9. लिखित विषयों मे अपाठ्य हस्तलेख होने पर अधिकतम अंकों मे से उनके 5 प्रतिशत तक अक काट लिए जाएंगे ।

ख—परीक्षा का स्तर और पाठ्य विवरण

स्तर

प्रारंभिक गणित के प्रश्न पत्रों के स्तर मैट्रिकुलेशन परीक्षा का होगा, प्रारम्भिक भौतिकी के प्रश्न-पत्र का स्तर उच्चतर माध्यमिक परीक्षा जैसा होगा ।

अन्य विषयों में प्रश्न-पत्रों का स्तर लगभग वही होगा जिस की किसी भारतीय विश्वविद्यालय के स्नातक से अपेक्षा की जा सकती है ।

इनमें से किसी भी विषय में प्रायोगिक परीक्षा नही होगी ।

पाठ्य-विवरण

अंग्रेजी

प्रश्न-पत्र इस प्रकार होगा जिससे उम्मीदवार की अंग्रेजी और अंग्रेजी के शब्दों के बोध की परीक्षा ली जा सके ।

सामान्य ज्ञान

सामान्य ज्ञान तथा साथ मे समसामयिक घटनाओ और दिन प्रतिदिन देखे और अनुभव किए जाने वाले इसी तरह के मामलों के वैज्ञानिक पक्ष की जानकारी, जिसकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो । प्रश्न-पत्र मे भारत के इतिहास और भूगोल से संबंधित ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवारों को, उन विषयों का विशेष अध्ययन किए बिना, देना चाहिए ।

प्रारंभिक गणित

अंकगणित

संख्या पद्धतियां—धनपूर्ण सख्याएं, पूर्णांक परिमेय और वास्तविक संख्याएं, मूल संक्रियाएं-जोड़, घटाना, गुणन, और विभाजन, वर्ग मूल, दशमलव भिन्न ।

ऐकिक विधि—समय तथा दूरी, समय तथा कार्य, प्रतिशतता—साधारण तथा चक्रवृद्धि ब्याज मे अनुप्रयोग, लाभ तथा हानि, अनुपात और समानुपात, विचरण ।

प्रारम्भिक सख्या सिद्धान्त —विभाजन की कलन विधि, अभाज्य और भाज्य संख्याए । 2, 3, 4, 5, 9 और 11 द्वारा विभाज्यता के परीक्षण । अपवर्त्य और गुणन खड । गुणन खंडन प्रमेय । महत्तम समापवर्तक तथा लघुतम समापवर्तर्य, यूकिलड की कलन विधि ।

आधार 10 तक लघुगणक, लघुगणक के नियम, लघुगणकीय सारणियो का प्रयोग ।

बीज गणित

आधारभूत संक्रियाए: साधारण गुणन खंड । शेष फल प्रमेय, बहुपदो का महत्तम समापवर्तक और लत्तधुम समापवर्त्य । द्विघात समीकरणो का हल, इसके मूलो और गुणाको के बीच संबध । (केवल वास्तविक मूलों पर विचार किया जाए) । दो अज्ञात राशियों मे युगपत् रैखिक समीकरण विश्लेषण और ग्राफ सम्बन्धी हल । दो चरों मे युगपत रैखिक असमिकाए और उनके हल । प्रायोगिक प्रश्न जिनसे दो चरो में दो युगपत रैखिक समीकरण या असमिकाए बनती है या एक चर में द्विघात समीकरण तथा उनके हल, समुच्चय भाषा तथा समुच्चय अंकन, पद्धति, परिमेय व्यंजक तथा सप्रतिबंध तत्समक घाताक नियम ।

त्रिकोणमिति :

ज्या X, कोटिज्या X, स्पर्श रेखा X जब $O^\circ \angle x \angle 90^\circ$
ज्या X, कोटिज्या X स्पर्श रेखा X का मान
क्योंकि X , O° , 30°, 45°, 60° और 90° ।
सरल त्रिकोण मितीय तत्समक ।
त्रिकोणमितीय सारणियो का प्रयोग ।
ऊचाइयों और दूरियों के सरल कोश ।

ज्यामिति ·

रेखा और कोण, समतल और समतल आकृति । निम्नलिखित पर प्रमेय :—(i) किसी बिन्दु पर कोणों के गुण धर्म । (ii) समांतर रेखाएं । (iii) किसी त्रिभुज की भुजाएं और कोण । (iv) त्रिभुजो की सर्वांगसमता । (v) समरूप त्रिभुज (vi) माध्यिकाओ और शीर्ष लम्बो का संगमन । (vii) समातर चतुर्भुजो, आयत और वर्ग के कोणो, भुजाओं व विकर्णों के गुण धर्म । (viii) वृत्त और उमके गुण धर्म जिसमें स्पर्श रेखा तथा अभिलम्ब भी शामिल है, (ix) स्थानिक संघक ।

ऐसे प्रयोगिक प्रश्न तथा रचनाएं जिनमे ज्यमितीय उपकरणो का प्रयोग करना पड़े अर्थात किसी कोण या रेखाखंड का समद्विभाजन, लम्ब, समान्तर रेखाएं तथा त्रिभुजों की रचना । किसी वृत्त की स्पर्श रेखा ।

विस्तार कलन

वर्गों, आयतों, समान्तर चतुर्भुजों, त्रिभुजो और वृत्तों के क्षेत्रफल । उन आकृतियो के क्षेत्र फल जो इन आकृतियों में विभाजित की जा सकती हैं । (क्षेत्रबही) । घनाभो का पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन । लम्ब वृतीय शकुओं और बेलनों का पार्श्व-पृष्ठ तथा आयतन । गोलकों का पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन । इन विषयो से सम्बन्धित प्रायोगिक प्रश्न पूछे जाएंगे और यदि आवश्यकता हुई तो प्रश्न-पत्र मे सूत्र भी दे दिए जाएगे ।

साख्यिकी

साख्यिकीय तथ्यो का सग्रहण तथा सारणीयन । आलेखी निरूपण-बारम्बारता बहुभुज, आयत चित्र, शलाका चार्ट, पाई चार्ट आदि केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप ।

प्रारम्भिक भौतिकी

(क) विस्तार कलन —मापन के मात्रक, सी० जी० एस० और एम० के० एस० मात्रक । अदिश और सदिश । बल और वेग का सयोजन तथा वियोजन । एक समानत्वरण । एक समानत्वरण के अधीन ऋजु-रेखीय गति । न्यूटन का गति नियम । बल की सकल्पना । बल के मात्रक । मात्रा और भार ।

(ख) पिड का बल विज्ञान —गुरुत्व के अधीन गति । समानान्तरण बल । गुरुत्व केन्द्र । साम्यावस्था । साधारण मशीन । वेग अनुपात । आनत समतल पेच और गियर सहित विभिन्न साधारण मशीनें । घर्षण, घर्षण कोण, घर्षण गुणाक । कार्य, शक्ति और ऊर्जा । स्थितिज और गतिज ऊर्जा ।

(ग) तरल गुणधर्म —दाब और प्रणोद । पास्कल का नियम । आर्कमिडीज का नियम । घनत्व और विशिष्ट गुरुत्व । पिंडों और द्रव्यों के विशिष्ट गुरुत्वों को निर्धारित करने के लिए आर्कमिडीज के नियम का अनुप्रयोग । प्लवन का नियम । गैस द्वारा प्रयोग में लाए गए दाब का मापन । बायल नियम । वायु पम्प ।

(घ) ताप —पिण्डो का रैखिक विस्तार और द्रव्यों का घनाकार विस्तार । द्रव्यो का वास्तविक तथा आभासी विस्तार। चार्ल्स नियम, परम शून्य, बायल और चार्ल्स नियम, पिण्डों और द्रवों का विशिष्ट ताप, कैलोरीमिति । ताप का संचरण, धातुओ की ताप सवाहकता । स्थिति परिवर्तन । सलयन और वाष्पन की गुप्त ऊष्मा । एम० वी० पी० नमी (आर्द्रता), ओसांक और आपेक्षिक आर्द्रता ।

(ङ) प्रकाश —ऋजुरेखीय संचरण । परावर्तन के नियम । गोलीय दर्पण, अपवर्त्तन अपवर्तन के नियम लैन्स, प्रकाशिक यंत्र कमरा, प्रक्षेपित्र, पारापार चित्रदर्शी, दूरबीन, सूक्ष्मदर्शी, वाइमो ग्यूलर तथा परिदर्शी । प्रिज्म, प्रकीर्ण के माध्यम से अपवर्तन ।

(ज) ध्वनि :—ध्वनि संचरण, ध्वनि परावर्तन, अनुनाद । ध्वनि ग्रामोफोन का अभिलेखन ।

(झ) चुम्बकत्व तथा विद्युत :—चुम्बकत्व के नियम, चुम्बकीय क्षेत्र । चुम्बकीय बल रेखाएं, पार्थिव चुम्बकत्व । चालक और रोधी । ओम-नियम, पी० डी० प्रतिरोधक, विद्युत चुम्बकीय बल, श्रेणी पार्श्व में प्रतिरोधक । विभवमापी विद्युत् चुम्बकीय बल की तुलना । विद्युत्धारा का चुम्बकीय प्रभाव । चुम्बकीय क्षेत्र में संवाहकता । फ्लेमिंग का वामं हस्तनियम । मापक यंत्र—धारामापी, ऐमीटर, वोल्ट मीटर, वाटमीटर, विद्युत् धारा का रासायनिक प्रभाव, विद्युत् लेपन, विद्युत्, चुम्बकीय प्रेरण, फेराडे नियम; बेसिक ए० सी० तथा डी० सी० जनित्र ।

भौतिकी (कोड 01)

1. पदार्थ के सामान्य गुण और यांत्रिकी

यूनिटें और विभाएं, स्केलर और वैक्टर मात्राए, जडत्व आघूर्ण, कार्य ऊर्जा और संवेग । यांत्रिकी के मूल नियम; घूर्णी गति, गुरुत्वाकर्षण, सरल आवर्त गति, सरल और असरल लोलक, केटरलोलक, प्रत्यास्थता—पृष्ठतनाव, द्रव की श्यानता रोटरी पम्प; मैकलियोड गेज ।

2. ध्वनि

अवमंदित, प्रणोदित और मुक्त कम्पन, तरंग-गति, डाप्लर प्रभाव, ध्वनि तरंग वेग; किसी गैस में ध्वनि के वेग पर दाब, तापमान, आर्द्रता का प्रभाव, डोरियो, छडों, प्लेटों और गैस स्तम्भो का कम्पन, अनुनाद विस्पद, स्थिर तरंगे, ध्वनि का आवृति वेग तथा तीव्रता, स्वर ग्राम, स्थापत्यकला में ध्वनिकता, पराश्रव्य के मूल तत्व; ग्रामोफोन टाकीज और लाउड स्पीकरो के प्रारम्भिक सिद्धान्त ।

3. ऊष्मा और ऊष्मा गति विज्ञान

तापमान और उसका मापन; तापीय प्रसार; गैसो मे समतापी तथा रुद्धोष्म (ऐडियानेटिक) परिवर्तन । विशिष्ट ऊष्मा और ऊष्मा चालकता; द्रव्य के अणुगति सिद्धान्त के तत्व, बोल्टसमन के वितरण नियम का भौतिक बोध; वाडरवाल का अवस्था समीकरण, जूल थाम्पसन प्रभाव; गैसों का द्रवण; ऊष्मा इंजन, कानो-प्रमेय, ऊष्मागति-विज्ञान के नियम और उनका सरल अनुप्रयोग, कृष्णिका विकिरण ।

4. प्रकाश

ज्यामितीय प्रकाशिकी, प्रकाश का वेग, समतल और गोलीय पृष्ठों पर प्रकाश का परावर्तन और अपवर्तन; प्रकाशीय प्रतिबिम्बो में दोष और उनका निवारण; नेत्र और अन्य प्रकाशिक यंत्र, प्रकाश का तरंग सिद्धान्त; व्यतिकरण, सरल व्यतिकरणमापी, विवर्तन, विवर्तन ग्रेटिंग, प्रकाश का ध्रुवण, स्पेक्ट्रस विज्ञान के तत्व ।

5. विद्युत और चुम्बकत्व

सरल मामलो में विद्युत क्षेत्र तीव्रता और विभव का परिकलन, गाउस प्रमेय और उसके सरल अनुप्रयोग; विद्युत् मापी, विद्युत्क्षेत्र के कारण ऊर्जा, द्रव्य के वैद्युत् और चुम्बकीय गुण धर्म, हिस्टेरिसिस चुम्बकशीलता और चुबकीय प्रवृत्ति; विद्युत् धारा से उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र, मूविंग मेग्नेट एण्ड मूविंग कवायल गैल्वेनोमीटर, धारा और प्रतिरोध का मापन, रिऐक्टिव सर्किट एलिमेन्ट्स के गुण धर्म और उनका निर्धारण, ताप-विद्युत् प्रभाव, विद्युत् चुम्बकीय प्रेरण, प्रत्यावर्ती धाराओ का उत्पादन, ट्रांसफार्मर और मीटर । इलैक्ट्रानिक वाल्व और उनके सरल अनुप्रयोग ।

बोर के परमाणु सिद्धान्त के तत्व, इलैक्ट्रांस, कैथोड रे और एक्सरे, इलैक्ट्रानिक चार्ज और द्रव्यमान का मापन ।

रसायन विज्ञान (कोड 02)

1. अकार्बनिक रसायन विज्ञान

तत्वो का इलैक्ट्रानिक विन्यास, आफ-बाऊ सिद्धान्त, तत्वो का आवर्ती वर्गीकरण । परमाणु क्रमाक । सक्रमण तत्व और उनके लक्षण ।

परमाणु और आयनिक त्रिज्याएं, आयनन विभव । इलेक्ट्रान बंधुता और विद्युत् ऋणात्मकता ।

प्राकृतिक और कृत्रिम विघटनामिकता । नाभिकीय विखण्डन और सलयन ।

सयोजकता का इलैक्ट्रानिक सिद्धान्त, सिग्मा और पाई बन्ध के बारे में प्रारम्भिक विचार, सहसयोजी आबन्ध की सकरण और दिशिक प्रकृति ।

वारनेर का समन्वय मिश्रण सिद्धान्त । उभयनिष्ठ धातुकर्मीय तथा विश्लेषीय प्रचालनो में निहित सम्मिश्रों का इलेक्ट्रानिक विन्यास ।

आक्सीकरण स्थितिया और आक्सीकरण सख्या । सामान्य उपचायक तथा अपचायक आक्सीकारक । आयनिक समीकरण ।

ल्यूइस और ब्रन्सटेद के अमल और क्षर सिद्धान्त ।

सामान्य तत्वो का रसायन विज्ञान और उनके आमिश्र जिनकी विशेष रूप से आवर्ती वर्गीकरण की दृष्टि से अभिक्रिया की गई हो । निष्कर्षण के सिद्धान्त । महत्वपूर्ण तत्वो का वियोजन (और धातुकी) ।

हाइड्रोजन पर आक्साईड की संरचना, डाईबोरेन, ऐलूमिनियम क्लोराइड तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस, क्लोरीन और गन्धक के महत्वपूर्ण आक्सीऐसिड ।

अक्रिय गैस : वियोजन तथा रसायन ।

अकार्बनिक रसायन विश्लेषण के सिद्धान्त ।

सोडियम कार्बोनेट, सोडियम हाईड्रोक्साइड, अमोनिया, नाइट्रिक अम्ल, गन्धकीय अम्ल, सीमेंट, ग्लास और कृत्रिम उर्वरको के निर्माण की रूप रेखा ।

2. कार्बनिक रसायन विज्ञान

सहसयोजी आबधन की आधुनिक सकल्पनाए । इलैक्ट्रान विस्थापन—प्रेरणिक, मेसोमरी और अति सयुग्मन प्रभाव । अनुनाद और कार्बनिक रसायन मे उसका अनुप्रयोग । वियोजन स्थिरांक (डिसो-सिएशन कास्टेंट) पर संरचना का प्रभाव ।

ऐल्केन, ऐल्कीन और ऐल्काइन । कार्बनिक मिश्रण के स्रोत के रूप में पेट्रोलियम । एलिफेटिक मिश्रणो के सरल व्युत्पन्न । ऐल्कोहल, ऐल्डी हाइड्स, कीटोन, अम्ल, हैलाइड, एस्टर्स, इथर, अम्ल ऐनीड्राइड क्लोराइड और अमिड । एक्षारकी हाइड्रोक्सी कीटेनी और ऐमीनो अम्ल । कार्बधात्विक मिश्रण और एसीटो-एसीटिक एस्टर । टार्टरिक, सिट्रिक, मैलेइक और फूमैरिक अम्ल । कार्बोहाइड्रेट वर्गीकरण और सामान्य अभिक्रिया । ग्लूकोस, फल शर्करा और इक्षु शकरा ।

त्रिविम रसायन . प्रकाशकीय और ज्यामितीय समावयक्ता । संरूपण की संकल्पना ।

बेन्जीन और इसके साधारण व्युत्पन्न; टालूईन, जाइलीन, फीनाल, हैलाइड, नाइट्रो और ऐमीनो मिश्रण । बेन्जाइक सेलिसिक, सिनेमिक, मेंडलिक और सल्फोनिक अम्ल, एरोमेटिक ऐल्डिहाइड और कीटोन । डाइजो, एजो और हाइड्रेजो मिश्रण, एरोमेटिक प्रतिस्थापन । नेफथलीन, पिरिडीन और क्यूनोलिन ।

3. भौतिक रसायन

गैसो और गैस नियमों का गतिक सिद्धान्त । मेक्सवेल का वेग वितरण नियम । वानडेरवाल का समीकरण । सगत अवस्थाओ का नियम । गैसो का द्रावण । गैसो की विशेष ऊष्मा । सी० पी०/सी० वी० का अनुपात ।

ऊष्मागतिकी

ऊष्मागतिकी का पहला नियम । समतापी और रुद्धोष्म प्रसार । पूर्ण ऊष्मा । ऊष्मा धारिता । ऊष्मरसायन–अभिक्रिया । ऊष्मा, विरचन, विलयन और दहन । आबध ऊर्जा की गणना । किरखोफ समीकरण ।

स्वत: प्रवर्तित परिवर्तन का मानदण्ड । ऊष्मागतिकी का दूसरा नियम । एन्ट्रापी । मुक्त ऊर्जा । रासायनिक सन्तुलन का मानदण्ड ।

घोल .—पारासरण दाब, वाष्प दाब को कम करना, वाष्प-हिमाक अवनयन, क्वथनाक बढ़ाना । घोल में अणु भार निश्चित करना । विलेयो का सगुणन और वियोजन ।

रासायनिक सतुलन । द्रव्यमान अनुपाती अभिक्रिया और समागी तथा विषमागी संतुलन । ला-शातेलिए नियम । रासायनिक संतुलन पर ताप का प्रभाव ।

विद्युत् रसायन —फ़ैराडे विद्युत् अपघटन नियम; विद्युत् अपघटन की चालकता; तुल्यांकी चालकता और तनुता में उसका परिवर्तन; अल्प विलेय लवणों की विलेयता, विद्युत् अपघटनी वियोजन। ओस्टवाल्ड तनुता नियम, प्रबल विद्युत् अपघटको की असंगति, विलेयता गुणनफल, अम्लों और क्षारको की प्रबलता, लवणों का जल अपघटन; हाइड्रोजन आयन की सान्द्रता, उभय प्रतिरोध क्रिया (बफ़र क्रिया) सूचक सिद्धान्त।

उत्क्रमणीय सेल। मानक हाइड्रोजन और कैलोमेल इलेक्ट्रोड और रैडाक्स विभव। सान्द्रता सेल। पी० एच० का निर्धारण। अभिगमनांक। मानी का आयनी गुणनफल। विभव मूलक अनुमापन।

रासायनिक बलगतिविज्ञान। अणुसंख्यता और अभिक्रिया की कोटि। प्रथम कोटि की अभिक्रिया और दूसरी कोटि की अभिक्रिया। तापमान अभिक्रिया की कोटि का निर्धारण, अपक्रान्तिकता तापाक और सक्रियण ऊर्जा। अभिक्रिया दरो का सघट्ट सिद्धान्त। संक्रियित सकुल सिद्धान्त।

प्रावस्था नियम :—इसकी शब्दावलियो की व्याख्या। एक और दो घटक तन्त्र का अनुप्रयोग। वितरण नियम।

कोलाइड :—कोलाइडी विलयन का सामान्य स्वरूप और उनका वर्गीकरण; कोलाइड के विरचन और गुणो की सामान्य रीति। स्कन्दन। रक्षक क्रिया और स्वर्णांक। अधिशोषण।

उत्प्रेरण . समाग और विषमांग उत्प्रेरण। विषाकतन वर्धक।

प्रकाश रसायन .—प्रकाश रसायन के नियम। सरल संख्यात्मक।

गणित (कोड 03)

भाग—क

बीजगणित :

समुच्चयो का बीजगणित संबध और फलन का प्रतिलोम, संयुक्त फलन, तुल्यता, संबध।

संख्याएं :

पूर्ण संस्था, परिमेय सख्या, वास्तविक संख्या (गुणो का वितरण), सम्मिश्र सख्या, सम्मिश्र संख्याओ का बीजगणित।

समूह, उप-समूह, प्रसामान्य उप समूह, चक्रीय और क्रमचय समूह, लाग्राज प्रमेय, समरूपता।

परिमेय सूचकाक के लिये द-मौयवर का प्रमेय और उसका सरल अनुप्रयोग।

समीकरण सिद्धान्त —

बहुपद समीकरण, रूपान्तर समीकरण, बहुपद समीकरण के मूल और गुणाको के बीच सबध, त्रिघात और चतुर्घात् समीकरणो के मूलो का सममित फलन, मूलो की अवस्थिति और मूल निकालने की न्यूटन पद्धति।

मैट्रिसेस मैट्रिसेस की बीजक्रिया, सारणिक सारणिको के सरल गुण, सारणिको के गुणनफल, सहखंडन-आव्यूह, मैट्रिसेसो का प्रतिलोभन, मैट्रिक्स की जाति, रैखिक समीकरण के हल निकालने के लिये मैट्रिसेसो का अनुप्रयोग (तीन अज्ञात संस्थाओ में)।

असमताए .

समान्तर और ज्यामितीय माध्य, कोशी, श्वार्ज असमता (केवल परिमित योगों के लिये)।

द्विविम और त्रिविम की विश्लेषिक ज्यामिति .

द्विविम की विश्लेषिक ज्यामिति :— सरल रेखाएं, सरल परिकलय रेखाओं की जोडी, वृत्त, वृत्त निकाय। परकलय दीर्घवृत्त, अति- (मुख्य अशों के संदर्भ में) । द्वितीय अंश समीकरण का मानक रूप मे लघुकरण। स्पर्शरेखाए और अभिलंब।

त्रिविम की विश्लेषिक ज्यामिति

समतल, सीधी रेखाएं और गोलक (केवल कार्तीय निर्देशाक)।

कलन (कैलकुलस) और विभिन्न समीकरण.

अवकल गणित : सीमात की सकल्पना, वास्तविक वर फलन का सातत्य और अवकलनीयता, मानक फलन का अवकलन, उत्तरोत्तर अवकलन। रोल का प्रमेय। मध्यमान प्रमेय, मैक्लारिन और टेलर सीरिज (प्रमाण आवश्यक नही है) और उनका अनुप्रयोग, परिमेय सूचकाकों के लिये द्विपद-प्रसरण, यरघाताकी प्रसरण, लघु-गणकीय त्रिकोण-मितीय और अति पर वलयिक फलन। अनिर्वारित रूप, एकर चर फलन का उच्चिष्ठ और अल्पिष्ठ, स्पर्शरेखा, अभिलम्ब, अथ स्पर्शी, अधोलम्ब, अनन्तस्पर्शी वक्रता (केवल कार्तीय निर्देशांक) जैसे ज्यामितीय अनुप्रयोग। एनवेलप, आंशिक अवकलन। समांगी फलनों से सबंधित आयलर प्रमेय।

समाकलन—गणित (इंटीग्रल कैलकुलस) : समाकलन की मानक प्रणाली, सत फलन के निश्चित समाकलन की रीमान—परिभाषा। समाकलन गणित के मूल सिद्धान्त । परिशोधन, क्षेत्रकलन, आयतन और परिक्रमण घनाकृति का पृष्ठीय क्षेत्रफल। संख्यात्मक समाकलन के बारे मे सिम्पसन का नियम।

अनुक्रम और सिरीज का अभिसरण, घनात्मक पदो के साथ सीरिजेज के अभिसरण का परीक्षण अनुपात, मूल और ग्राउज परीक्षण एकान्तर श्रेणी।

अवकल समीकरण : प्रथम कोटि के मानक अवकल समीकरण का हल निकालना नियम गुणांक के साथ द्वितीय और उच्चतर कोटि के रैखिक समीकरण का हल निकालना वृद्धि और क्षय की समस्याओं का सरल अनप्रयोग सरल हारमोनिक रूपान्तरण साधारण पेन्डुलम और समदिश ।

भाग ख

यात्रिक (वैक्टर पद्धति का उपयोग किया जा सकता है)

स्थिति विज्ञान :—बल का निरूपण, बल-समांतर चतुर्भुज, बल-समोजन और बल-वियोजन और समतलीय तथा सगामी बलों की साम्यावस्था की स्थिति। बल-त्रिभुज। जातीय और विजातीय समानान्तर-बल। आघूर्ण । बल-युग्म। समतलीय बलो की साम्यावस्था की सामान्य स्थिति। साधारण तत्वों के गुरुत्व केन्द्र, स्थैतिक घर्षण, साम्याघर्षण और सीमान्त घर्षण। घर्षण-कोण। रूक्ष आनत समतल पर के कण की साम्यावस्था। सरल निमेय। साधारण मशीन (उत्तोलक, घिरनी की निर्देश पद्धति, गियर) कल्पित कार्य (दो आयामो मे)।

गति-विज्ञान—शुद्ध गति-विज्ञान—कण का त्वरण, वेग, चाल और विस्थापन, आपेक्षिक वेग। निरन्तर त्वरण की अवस्था मे सीधी रेखा की गति। न्यूटन के गति सबंधी सिद्धात। सकेन्द्र कक्षा। सरल प्रसववा गति। (निर्वात म) गुरुत्वावस्था मे गति। आवेग कार्य और ऊर्जा। रैखिक संवेग और ऊर्जा का संरक्षण। एम समान वर्तुल गति ।

खगोल विज्ञान :

गोलीय त्रिकोणमिति : ज्या एवं कार्टिज्या फार्मूला। समकोण यक्त गोलीय त्रिकोणो के गुण।

गोलीय खगोल विज्ञान—खगोलीय गोलक, समन्वित प्रणाली और उसका रूपान्तरण। दैनिक गति। नाक्षत्र समय, सौर समय, माध्य सौर समय, स्थानीय और मानक समय, समय-समीकार। सूर्य और नक्षत्रो का उदय और अस्त, क्षितिज नीति। खगोलीय अपवर्तन। साध्य-प्रकाश, लंबन, अपेरण, पुरस्सरण और विदोलन। केपलर के नियम। ग्रह कक्ष और स्तब्ध बिन्दु। चन्द्रमा की दृष्ट गति। चन्द्रमा की प्रावस्थाए।

खगोली यंत्र :—सैक्सटेट प्रेषण यंत्र।

सास्थकी

प्रायिकता—प्रायिकता की शास्त्रीय और सांख्यकीय परिभाषा, सचयात्मक प्रणाली की प्राथमिकता का परिकलन, योग एवं गुणन सिद्धान्त, सप्रतिबध प्रायकता। यादृच्छिक चर (विविक्त और अविरत), घनत्व फलन, गणितीय प्रत्याशा।

मानक वितरण—द्विपद-परिभाषा, माध्य और प्रसरण, वैषम्य सीमान्त रूप, सरल अनुप्रयोग, प्वासो परिभाषा-माध्य और प्रसरण योग्यता, उपलब्ध आकड़ों मे प्यासों बटन का समंजन। सामान्य सरल समानुपात और सरल अनुप्रयोग, उपलब्ध आकड़ो मे सामान्य में प्रसामान्य बटन का समंजन।

द्विचर वितरण : सह संबंध, दो चरों का रैखिक समाकयण, सीधी रेखा का समंजन, परवलयिक और चलघाताकी वक्र, सह संबंधित गुणाक के गुण।

सरल प्रतिदर्श वितरण और परिकल्पनाओ का सरल परीक्षण —यादृच्छिक प्रतिदर्श। साख्यकी। प्रतिदर्शी बटन और मानक त्रुटि। मध्य पदो के अन्तर की अर्थवत्ता के परीक्षण में प्रसामान्य टी० सी० एच० आई० $(Chi)^2$ और एफ० का सरल वितरण।

टिप्पणी—उम्मीदवारो को पाठ्यविवरण के भाग 'क' मे से तीन विषयो मे से नामत. (1) बीजगणित (2) द्विविम और त्रिविम विश्लेषिक ज्यामिति, तथा (3) कलन (कैलकुलस) और विभिन्न समीकरण, प्रत्येक पर एकएक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य होगा। पाठ्यविवरण के भाग 'ख' मे से तीन विषयों में से नामत. (1) यात्रिकी, (2) खगोल विज्ञान और (3) साख्यकी, प्रत्येक पर एकएक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य होगा।

वनस्पति विज्ञान (कोड 04)

1. वनस्पति जगत का सर्वेक्षण—प्राणियों और पौधो मे अन्तर :—जीवित जीव की विशेषताएं : एक कोशिक और बहु कोशिक जीव : वाथरस . वनस्पति जग के विभाजन का आधार।

2 आकृति विज्ञान :—(i) एक कोशिक पौधे—कोशिका, इसकी सरचना और अन्तर्वस्तु कोशिकाओं का विभाजन और संवर्धन।

(ii) बहुकोशिक पौधे—असंवहनी और संवहनी पौधों के कार्य मे भेद : सवहनी पौधों का वाह्य और आतरिक आकृति विज्ञान।

3. जीवन वृत्त . इन पादप वर्गों के प्रत्येक वर्ग के कम से कम एक पौधे का जीवनवृत्त—बैक्टीरिया, नील रहित शैवाल वर्ग

(साइनोफाइसी), क्लोरोफाइसी : भूरा शैवाल वर्ग, क्रियाफालाल शैवाल वर्ग (रोडोफाइसी), पाइकम्पामाइमिटीज, एस्कोमाईसिटीज; बैसिडियमी कवक, लिवरवर्ट; मासेस, टैरिडोफाइटीज, जिम्नोस्पर्म और ऐन्जियोस्पर्म।

4. वर्गिकी—वर्गीकरण के नियम, ऐन्जियोस्पर्म के वर्गीकरण की मुख्य पद्धतियां :

निम्नलिखित कुलों के विशिष्ट लक्षण और आर्थिक महत्व —

ग्रामिनी सिटामिनी, पामेसी, लिलिएसी, आर्विडेसी, मोरेसी, लोरेन्थेसी; मेग्नोलिएसी, लारेसी; क्रुसिफेरी, लेग्युमिनोसी; रुटेसी; मीलिएसी; यूफोर्नियासी, ऐनाकार्डिएसी, मालवेसी; एसोसाइनेसी; एस्क्लीपिएडेसी; डिप्टरोकारमेसी, मर्टैसी, अम्बेलीफेरी; तुलसीकुल (लिबिएटी), सोलेनेसी; रुबिएस्सी, कुकरबिटेरिएसी; बर्नीनेसी और कम्पोजिटी।

5. पादप शरीर क्रिया विज्ञान—स्वपोषण, परपोषण, जल और पोषक तत्वों का अन्तर्ग्रहण, वाष्पोत्सर्जन, प्रकाश संश्लेषण; खनिज पोषण; श्वसन, वृद्धि, जनन; मादप-प्राणि संबंध, सहजीवन, परिजीविता, ऐन्जाइम; आविसन; हारमोन; दीप्तिकालिता।

6. पादप रोग विज्ञान—पौधों की बीमारियों के कारण और उनके उपचार; रोग जीव; वाइरस; हीनता जन्य रोग; प्रतिरोध।

7. पादप परिस्थिति विज्ञान—विशेष रूप से भारतीय पेड़-पौधों और भारत के वनस्पति क्षेत्रों के संदर्भ में परिस्थिति विज्ञान और पादप भूगोल से संबंधित आधार भूत तत्व।

8. सामान्य जीव विज्ञान—कोशिका-विज्ञान, आनुवंशिक विज्ञान, पादप प्रजनन मेण्डेलवाद, संकर-बीज, उत्परिवर्तन, विकास।

9. आर्थिक वनस्पति विज्ञान—पौधों का विशेषतः अनाजों, दालों, फलों, चीनी, स्टार्च, तिलहनों, मसालों, पेय पदार्थों, रेशों, लकड़ियों, रबर, औषधियों और वाष्पशील तेलों आदि वनस्पति उत्पादों से संबंधित पुष्प पादपों का मानव कल्याण के लिये लाभकारी उपयोग।

10. वनस्पति विज्ञान का इतिहास—वनस्पति विज्ञान संबंधी विज्ञान के विकास की सामान्य जानकारी।

प्राणि विज्ञान : (कोड 05)

प्राणि जगत का प्रमुख समूहों में वर्गीकरण, विभिन्न वर्गों के विशिष्ट लक्षण।

रज्जु रहित (नान—कार्डेट) किस्म के प्राणियों के बनावट, आवतें और जीवन-वृत्त :

अमीबा, मलेरिया—परजीवी। स्पंज, हाइड्रा, लिवरफ्लू, फीता कृमि; गोल कृमि; केंचुआ; जोंक; तिलचट्टा, गृह मक्खी, मच्छर; बिच्छू, ताजे पानी का मस्ल, ताल घोंघा और स्टार-फिस (केवल बाह्य लक्षण)।

कीटों का आर्थिक महत्व। निम्नलिखित कीटों की परिस्थिति और जीवन-वृत :—

दीमक; टिड्डी; शहद की मक्खी और रेशम का कीड़ा।

रज्जुकी—क्रम वर्गीकरण।

निम्नलिखित प्रकार के रज्जुमान प्राणियों की बनावट और तुलनात्मक शरीर —

ब्रैन्किओस्टोमा, स्कोलिडोडान, मेंढक, यूरोमेस्टिक्स या कोई अन्य छिपकली (वेरनस का अस्थिपंजर); कबूतर (कुक्कुट का अस्थि पंजर); और खरगोश, चूहा या गिलहरी।

मेंढक और खरगोश के संदर्भ में जन्तु कार्य के विभिन्न अंगों के ऊतकविज्ञान और शरीर क्रिया विज्ञान की प्रारम्भिक जानकारी, अन्त: स्रावी ग्रंथियों और उनका कार्य।

मेंढक और चूजे के विकास की रूपरेखा, स्तनी जन्तुओं की बनावट और कार्य।

विकास के सामान्य नियम; विविधता, आनुवंशिकता, अनुकूलन; पुनरावर्तन परिकल्पना, मेंडेलीय आनुवंशिकता; अलैंगिक जनन और लैंगिक जनन की विधियां, अनिषेक जनन (पार्थेनोजेनसिस); कायांतरण, पीढ़ी एकान्तरण,

विशेष रूप से भारतीय जन्तु समूह के संदर्भ में जन्तुओं का पारिस्थितिक और भूवैज्ञानिक वितरण।

भारत के वन्य प्राणि जिनमें विषैले और विषहीन सांप भी शामिल हैं। शिकार पक्षी।

भूविज्ञान : (कोड 06)

1. सामान्य भूविज्ञान :

पृथ्वी की उत्पत्ति, काल और आंतरिक भाग, विभिन्न भू-वैज्ञानिक एजेंसियां और स्थलाकृति, अपक्षय और अपरदन (इरोजन) पर उनका प्रभाव, मृदा के प्रकार, उनका वर्गीकरण और भारत के मृदा समूह, भारत के भू-आकृति उप-भाग, वनस्पति और स्थलाकृति, ज्वालामुखी, भूकम्प, पर्वत पटलविरूपण (डयास्ट्रोफिज्म)।

2 संरचनात्मक भूविज्ञान :

आग्नेय, अवसादी और कायांतरित चट्टानें, नति, नतिलम्ब और वलन वलन, भ्रंश और विषम विन्यास और वृश्याशों पर उनका प्रभाव, भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और मानचित्रण की विधियों के संबंध में प्रारंभिक जानकारी।

3. क्रिस्टल विज्ञान और खनिज विज्ञान :

क्रिस्टल समिति के बारे में प्रारम्भिक जानकारी। क्रिस्टल विज्ञान के नियम, क्रिस्टल की प्रवृत्ति और यमलन (ट्विनिंग)।

मृण्मय खनिजों, महत्वपूर्ण शैल-रचना, रसायनिक संघटन, भौतिक गुण, प्रकाशित गुण-धर्म, परिवर्तन, प्राप्ति और वाणिज्यिक उपयोग संबंधी अध्ययन।

4. आर्थिक भूविज्ञान :

भारत के महत्वपूर्ण खनिजों और उनकी उपस्थिति की अवस्था का अध्ययन। अयस्क निक्षेपों का उद्भव और वर्गीकरण।

5. शैल विज्ञान :

आग्नेय, अवसादी और कायांतरित चट्टानों तथा उनके उद्भव और वर्गीकरण का प्रारम्भिक अध्ययन। चट्टानों के सामान्य प्रकारों का अध्ययन।

6 स्तर क्रम विज्ञान :

स्तर क्रम विज्ञान के नियम, भूवैज्ञानिक अभिलेखों का अश्म वैज्ञानिक और कालानुक्रम उप-विभाजन। भारतीय स्तर क्रम विज्ञान की महत्वपूर्ण विशेषताएं।

7. जीवाश्म विज्ञान :

जीवाश्म विज्ञान संबंधी आधार सामग्री का विकास से सबंध, जीवाश्म (फासिल्स) उनका स्वरूप और उनके परिरक्षण की विधि। प्राणी-जीवाश्मों और पादप-जीवाश्मों की निरूप आकृतियों के आकृति विज्ञान और विभाजन की प्रारंभिक जानकारी।

भूगोल (कोड 07)

(i) प्रारंभिक भूआकृति विज्ञान —सौर मंडल और पृथ्वी का उद्भव, भू-आकृति, भू-लक्षण, प्रारम्भिक भू-विज्ञान, चट्टानों और मिट्टी का बनाना।

(ii) जलवायु विज्ञान : जलवायु और इसके तत्व, तापमान, दाब, आर्द्रता, पवन पद्धति, चक्रवात और प्रतिचक्रवात का प्रारम्भिक ज्ञान, दृष्टिपात के प्रकार।

(iii) समुद्र विज्ञान : भू और जल का वितरण, समुद्र जल का संचालन ज्वार, धाराएं, लवणता, समुद्रतल निक्षेप।

(iv) पादप भूगोल —वनस्पतियों के प्रकार, भौगोलिक पर्यावरण से उनका सबंध, वन, घास के मैदान, रेगिस्तान, प्रधान प्राकृतिक क्षेत्र।

(v) मानव भूगोल :—पर्यावरण में मानव, मनुष्य की प्रजातियां, मनुष्य के कार्यकलाप और जनसंख्या का विभाजन।

(vi) आर्थिक भूगोल :—मुख्य वनस्पतियां, पशु और खनिज उत्पादन, उनका वितरण और भौगोलिक पृष्ठ भूमि, मुख्य उद्योग और उनका स्थानीकरण, कच्चे माल, खाद्यान्न और विनिर्मित माल का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार।

(vii) क्षेत्रीय भूगोल : भारत का विस्तार से और संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, जापान, दक्षिण पूर्वी एशिया, मध्य पूर्व, श्रीलंका, बर्मा और पाकिस्तान का सामान्य रूप से ज्ञान।

अंग्रेजी साहित्य (कोड 08)

उम्मीदवार को स्पेंसर काल से लेकर महारानी विक्टोरिया का शासन समाप्त होने तक के अंग्रेजी साहित्य के इतिहास का सामान्य और निम्नलिखित लेखकों की कृतियों का विशेष ज्ञान होना चाहिए :—

शेक्सपियर, मिल्टन, जानसन, डिकन्स, वर्डसवर्थ, कीट्स, कार्लाइल, टेनिसन और हार्डी।

भारत का इतिहास (कोड 09)

1600 ई० से लेकर भारतीय गणराज्य की स्थापना तक का भारत, तथा इस अवधि में घटित सांविधिक प्रगति।

टिप्पणी :—इस विषय में उम्मीदवारों को भूगोल के उस पक्ष का भी ज्ञान होना चाहिए जिसका सबंध इतिहास से होता है और उनको नक्शा बनाना भी आना चाहिए। किसी अवधि के आरम्भ होने की यदि कोई निश्चित तारीख दी जाए तो उम्मीदवारों को सामान्य रूप से यह भी जानना चाहिए कि हम प्रारंभिक स्थिति तक किस प्रकार पहुंचे हैं।

सामान्य अर्थशास्त्र (कोड 10)

उम्मीदवारों को अर्थशास्त्र के सिद्धान्त का ज्ञान होना चाहिए और उनको तथ्यों की सहायता से सिद्धान्त का निरूपण करना और सिद्धान्त के आधार पर तथ्यों का विश्लेषण करना दोनों आना चाहिए। भारत और इंग्लैण्ड के आर्थिक इतिहास और उन देशों की आर्थिक स्थिति का कुछ ज्ञान भी होना चाहिए।

राजनीति विज्ञान (कोड 11)

उम्मीदवारों को राजनीति विज्ञान और उसके इतिहास का ज्ञान होना चाहिए। राजनीति विज्ञान का ज्ञान केवल विधि-निर्माण के सिद्धान्त के रूप में ही नहीं, वरन् राज्य के सामान्य सिद्धान्त के रूप में भी होना चाहिए। सांविधिक शासन के प्रकारों (प्रतिनिधि सरकार, संघवाद आदि) और लोक-प्रशासन केन्द्रीय और स्थानीय —पर भी प्रश्न पूछे जाएंगे। उम्मीदवारों का वर्तमान संस्थाओं के उद्भव और विकास का भी ज्ञान होना चाहिए।

समाज विज्ञान (कोड 12)

समाज विज्ञान की प्रकृति और क्षेत्र : समाज का अध्ययन, समाज विज्ञान और अन्य सामाजिक विज्ञानों से उसका संबंध।

मूल धारणाएं : महत्व एवं कार्य, प्राथमिक एवं गौण वर्ग, सामाजिक संस्थाएं, सामाजिक संरचना, सामाजिक नियंत्रण एवं अपवर्ती आचरण, सामाजिक द्वन्द; सामाजिक परिवर्तन —

मूल सामाजिक संरचनाएं एवं संस्थाएं, विवाह, परिवार, एवं रिश्तेदारी; राजनीतिक संस्थाएं; धार्मिक संस्थाएं; सामाजिक स्तरण-जाति, वर्ग एवं वंश।

वातावरण; समाज एवं संस्कृति।

भारतीय समाज विज्ञान, जाति एवं जाति वाद; परिवार एवं रिश्तेदारी, ग्राम समाज, आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन।

मनोविज्ञान (कोड 13)

सामान्य मनोविज्ञान

मनोविज्ञान की परिभाषा और विषय-वस्तु, मनोविज्ञान की पद्धतियां, अनुकूलन एवं आचरण क्रियाविधि की अवधारणा; आचरण का शरीरशास्त्रीय आधार

(क) अभिग्राहक, चाक्षुष एवं श्रवण संबंधी; (ख) नाड़ी-तन्त्र की सामान्य रूप रेखा,

(ग) कारक—मासपेशियां एवं ग्रंथियां :—

मानव विकास के तत्व—आनुवंशिकता एवं पर्यावरण परिपक्वता एवं शिक्षा प्राप्ति।

मानव विकास के तत्व—आनुवंशिकता एवं पर्यावरण, परिपक्वता एवं शिक्षा प्राप्ति।

अभिप्रेरणा एवं मनोवेग—उनकी प्रकृति, किस्म और विकास। प्रत्यक्ष ज्ञान एवं उसकी प्रकृति—रूप रंग और स्थान।

अधिगम—उसकी प्रकृति, अनुकूलन, अन्तर्दृष्टि और प्रयत्न त्रुटि। अधिगम तथा स्मरण शक्ति और विस्मरण प्रक्रियाओं को प्रभावित करने वाले तत्व, स्मरण करने की सफल विधियां।

चिन्तन और तर्क।

प्रज्ञा और योग्यताएं—उनकी प्रकृति और मापन।

व्यक्तित्व—प्रकृति, निर्धारक और मापन।

असामान्य मनोविज्ञान

असामान्य आचरण—अवधारणा और कारण।

कुंठा और द्वन्द, रक्षात्मक युक्ति।

मनोवैज्ञानिक विकार—मनस्ताप एवं मनोविक्षिप्ति, व्यक्तित्व एवं मनोशारीरिक विकार।

मानसिक विकार के उपचार का सामान्य ज्ञान—मनोरोग चिकित्सा

सामाजिक मनोविज्ञान

समूह प्रक्रियाएं—व्यक्ति और समूह, नेतृत्व, मनोबल एवं भीड़ का व्यवहार।

प्रचार और मनोवैज्ञानिक युद्ध।

बुद्धि तथा व्यक्तित्व परीक्षण

उम्मीदवारों की बुनियादी बुद्धि की जांच करने के लिए साक्षात्कार के अतिरिक्त मौखिक तथा लिखित बुद्धि परीक्षा ली जाएगी। उनके ग्रुप परीक्षण भी किए जाएंगे जैसे ग्रुप परिचर्चा, ग्रुप योजना, बहिरंग ग्रुप कार्यकलाप तथा उन्हें निर्दिष्ट विषयों पर संक्षिप्त व्याख्यान देने के लिए कहा जाएगा। ये सभी परीक्षण उम्मीदवारों की मेधाशक्ति की जांच के लिए हैं। मोटे तौर पर ये परीक्षण वास्तव में न केवल उसके बौद्धिक गुणों की जांच के लिए हैं अपितु इनसे उसकी सामाजिक विशेषताओं तथा सामयिक घटनाओं के प्रति दिलचस्पी का भी पता चलेगा।

परिशिष्ट II

(अकादमी/स्कूल में प्रवेश के लिए स्वास्थ्य का मानक)

टिप्पणी :—उम्मीदवारों को निर्धारित स्वास्थता मानक के अनुसार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। स्वस्थता संबंधी मानक नीचे बताए गए हैं।

बहुत से अर्हता प्राप्त उम्मीदवार बाद में अस्वस्थता के आधार पर अस्वीकृत कर दिए जाते हैं अतः उम्मीदवारों के अपने हित के लिए सलाह दी जाती है कि अन्त में निराशा से बचने के लिए उन्हें अपना आवेदन पत्र भेजने से पहले अपने स्वास्थ्य की जांच करा लेनी चाहिए।

सेवा चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसित बहुत से उपयुक्त उम्मीदवारों की स्वास्थ्य परीक्षा सेना के डाक्टरों के बोर्ड द्वारा की जाएगी। जो उम्मीदवार मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वस्थ्य घोषित नहीं किया जाएगा उसको अकादमी या स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सेना के डाक्टरों के बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षा कर लिए जाने का अर्थ यह नहीं होगा या नहीं निकाला जाएगा कि उम्मीदवार अंतिम रूप से चुन लिया गया है। मेडिकल बोर्ड की कार्यवाही गुप्त होती है जिसको किसी को नहीं बताया जा सकता। अनुपयुक्त या अस्थायी रूप से अनुपयुक्त घोषित उम्मीदवारों का परिणाम उन्हें स्वस्थता प्रमाण-पत्र तथा अपील प्रस्तुत करने की कार्यविधि के साथ सूचित कर दिया जाता है। मैडिकल बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा मेडिकल बोर्ड के परिणाम से सम्बद्ध कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवारों के अपने हित में परामर्श है कि यदि उनकी दृष्टि अपेक्षित स्तर की न हो तो सेवा चयन बोर्ड द्वारा साक्षात्कार/स्वास्थ्य परीक्षा हेतु बुलाए जाने पर उन्हें अपने साथ संशोधक ऐनक लानी चाहिए।

1. अकादमी/स्कूल में प्रवेश के लिए उस उम्मीदवार को ही योग्य समझा जाएगा जिसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक होगा और जिसमें कोई ऐसी अशक्तता नहीं होगी जिससे कुशलतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो।

2. किन्तु निम्नलिखित बातों के सम्बन्ध में तसल्ली कर ली जाएगी :—

(क) कमजोर शरीर गठन, अपूर्ण विकास, गम्भीर कुरचना या स्थूलता तो नहीं है।

(ख) हड्डियों और संधियों का कुविकास तो नहीं हुआ है और उनमें किसी प्रकार की क्षीणता तो नहीं हो गई है।

टिप्पणी:—अल्पबाधित ग्रेव पर्शुका वाले उम्मीदवार को भी स्वस्थ्य माना जा सकता है, यदि उसमें उक्त रोग के लक्षण न हों। तथापि चिकित्सा बोर्ड की कार्यवाही में इस दोष का उल्लेख छोटी-मोटी अशक्तता के रूप में कर दिया जाएगा।

(ग) बोलने में तो बाधा नहीं पड़ती है।

(घ) सिर की संरचना में तो दोष नहीं है या खोपड़ी की हड्डी टूटने या दबने से विरूपता तो नहीं आ गई है।

(ङ) कम सुनाई तो नहीं पड़ता है। कोई कान बह तो नहीं रहा है या रोग ग्रस्त तो नहीं है। टिम्पेनिक मम्ब्रेन में कन्धा जख्म तो नहीं है

या उग्र या पुराना मध्य कर्ण शोथ के चिह्न तो नही है या मामूल या संशोधित आमूल कर्ण मूल आपरेशन तो नही हुआ है।

टिप्पणी—यदि कान के पर्दे का छेद पूरी तरह से भरा गया हो, इसको और क्षति न पहुंची हो तथा सुनाई ठीक पडता हो तो इस अवस्था को थल सेना के लिए उम्मीदवार को स्वीकार करने मे बाधक नही समझना चाहिए।

(च) नाक की हड्डी या उपास्थि का कोई रोग तो नही है या नोज पालिप्स तो नही है अथवा नासाग्रसनी या सहायक कोटरो का कोई रोग तो नही है।

टिप्पणी—नासा पट के छोटे अलक्षणी ऊर्ध्वघातज छेद के कारण उम्मीदवार को एक दम अस्वीकृत नहीं किया जाएगा वरन् ऐसे मामलो को जाच और मत के लिए कर्णविज्ञान सलाहकार के पास भेजा जाएगा।

(छ) गर्दन या शरीर के अन्य भागों की ग्रथियां बड़ी हुई तो नही है और थाइरायडग्रंथि सामान्य है।

टिप्पणी—तपेदिक की ग्रथियो को हटाने के लिए किए गए आपरेशन के निशान उम्मीदवार की अस्वीकृति का कारण नही बन सकते है बशर्ते कि गत 5 वर्षों में सक्रिय रोग न हुआ हो तो तथा छाती लाक्षणिक जाच तथा एक्सरे करने पर रोग मुक्त पाई जाए।

(ज) गले तालु टोसिल या मसूढो का कोई रोग नही है तथा किसी भी चिबुकीय सधियों की सामान्य क्रिया पर प्रभाव डालने वाली कोई बीमारी या चोट तो नही है।

टिप्पणी—यदि बार-बार टोंसिल शोथ होने का कोई वृत न हो तो टोसिलों की अतिवृद्धि अस्वीकृति का कारण नही होती।

(झ) हृदय तथा रक्त वाहिकाओ का क्रिया सम्बन्धी या अग रोग के लक्षण तो नही है।

(ञ) फेफडो की तपेदिक या इस बीमारी का पूर्ववृत्त या फेफडो की कोई जीर्ण बीमारी का प्रमाण तो नही है।

(ट) जिगर और तिल्ली की किसी विलक्षणता सहित मापक तन्त्र के किसी रोग का चिह्न तो नहीं है।

(ठ) वंक्षण हार्निया तो नही है या उसके होने की प्रवृत्ति तो नही है।

टिप्पणी—(i) वंक्षण हर्निया (जिसकी शल्य-चिकित्सा न की गई हो), अस्वीकृति कारण होगा।

(ii) जिनका हर्निया का आपरेशन हो चुका है उन्हे शारीरिक रूप से स्वस्थ माना जाएगा बशर्ते कि:

(i) आपरेशन न हुए एक वर्ष व्यतीत हो गया हो। इसके लिए उम्मीदवार को लिखित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

(ii) पेट की पेशीसमूह सामान्यतया ठीक है।

(iii) हर्निया की पुनरावृत्ति नहीं हुई है, या इसकी शल्य चिकित्सा से संबंधित कोई उलझन पैदा नही हुई।

(ड) हाइड्रोसिल या निश्चित बेरिकोसील या जननेंद्रियो का अन्य कोई रोग या खराबी तो नही है।

विशेष ध्यान दें.—(1) यदि हाइड्रोसील के आपरेशन के बाद कोई रज्जु और अण्डग्रंथियो की विलक्षणताएं न हो और फाइलेरियासिस का प्रमाण न हो तो उम्मीदवार को स्वीकार कर लिया जाएगा।

(2) यदि एक ओर की अन्ततः उदरीय अण्डग्रन्थि आरोही हो तो इस आधार पर उम्मीदवार को अस्वीकार नही किया जाता बशर्ते कि दूसरी अण्डग्रंथि सामान्य हो तथा इस आरोही अण्डग्रंथि के कारण कोई शारीरिक या मनोवैज्ञानिक कुप्रभाव न हो। यदि आरोही अण्डग्रन्थि वंक्षण नलिका मे अथवा उदरीय वलय में रुकी हो और आपरेशन से ठीक न हो सकती हो तो इस स्थिति मे उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(ढ) फिस्टुला और/या गुदा का विदर या बवासीर के मस्से तो नहीं है।

(ण) गुर्दों की कोई बीमारी तो नही है। ग्लकोजमेह या एलब्युमिन मेह के सभी रोगी अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

(त) अस्थायी अथवा मामूली क्षत-चिह्नों को छोड़ कर कोई ऐसा चर्म रोग तो नही है जिसके प्रसार अथवा स्थिति के कारण उम्मीदवार मे अशक्तता या बहुत अधिक कुरूपता आ गई हो या आने की संभावना हो। उस उम्मीदवार को इसी आधार पर अस्वीकार किया जाएगा।

(थ) कोई सक्रिय गुप्त या जन्मजात रतिज रोग तो नहीं है।

(द) उम्मीदवार या उसके परिवार में मानसिक रोग का कोई पूर्व वृत्त या प्रमाण तो नही है। जिन उम्मीदवारो को मिर्गी आती हो, जिनका पेशाब

वैसे ही या नींद में निकल जाता हो उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(घ) भेंगापन या आंख या पलकों की कोई ऐसी विकृति तो नहीं जिसके बढ़ने या दुबारा होने का खतरा हो सकता है।

(ङ) सक्रिय रोहे (ट्रकोमा) या इसकी जटिलताएं तथा अनुप्रभाव तो नहीं है।

टिप्पणी:—इलाज के लिए आपरेशन प्रवेश से पूर्व करवाए जाएं। अन्तिम रूप से स्वीकार किए जाने की गारन्टी नहीं दी जाती है। तथा उम्मीदवारों को यह स्पष्टतया समझ लेना चाहिए कि क्या आपरेशन वांछनीय है या आवश्यक है, इस बात का निर्णय उनके निजी चिकित्सा सलाहकार को ही करना है। आपरेशन के परिणाम अथवा किसी और खर्चे का दायित्व सरकार अपने ऊपर नहीं लेगी।

3. कद, वजन तथा छाती के मापों के लिए मानक।

(क) कद :

(i) उम्मीदवार के कद की नाप उसे मापदण्ड के सामने दोनों पैर मिलाकर खड़ा करके ली जाएगी। उस समय वजन एड़ियों पर होना चाहिए पंजे पर या पांव के बाहरी पार्श्वों पर नहीं। वह बिना अकड़े इस प्रकार सीधा खड़ा होगा कि उसकी एड़ियां पिंडलियां, नितम्ब और कन्धे मापदण्ड के साथ लगे होंगे, उसकी ठोड़ी नीचे की ओर रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर आड़ी छड़ के नीचे आ जाए। कद सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा। 0.5 सेंटीमीटर से कम दशमलव भिन्न की अपेक्षा की जाएगी, 0.5 सेंटीमीटर को इसी रूप में रिकार्ड किया जाएगा तथा 0.6 सेंटीमीटर या इससे अधिक को एक सेंटीमीटर के रूप में रिकार्ड किया जाएगा।

(ii) उम्मीदवार के लिए न्यूनतम स्वीकार्य 157.5 सेंटीमीटर (नौसेना के लिए 157 सेंटीमीटर) है किन्तु, गोरखा, नेपाली, आसमिया, गढ़वाली उम्मीदवारों के लिए नीचे (ख) (i) में दी गई उससे संबंधित सारणी में दिए गए कद से 5.0 सेंटीमीटर कम किया जा सकता है। मणिपुर, नेफा, मेघालय और त्रिपुरा के नौसेना के उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम कद 5 सेंटीमीटर और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के मामले में कद 2 सेंटीमीटर कम कर दिया जाएगा।

) वजन :—

(i) उम्मीदवार का वजन पूरी तरह से कपड़े उतरवा कर या केवल जांघिया के साथ किया जाएगा। वजन करते समय 1/2 किलोग्राम को रिकार्ड नहीं किया जाएगा। आयु कद तथा औसत वजन विषय परस्पर संबंधी सारणी मार्गदर्शन के लिए दी जा रही है।

पिछले जन्म दिवस को आयु	बिना जूतों के ऊंचाई	वजन	
		औसत न्यूनतम	औसत अधिकतम
1	2	3	4
वर्ष	सेंटीमीटर	किलोग्राम	किलोग्राम
17 से 18 तक	157.5 तथा 165.0 से कम	43.5	55.0
	165.0 तथा 172.5 से कम	48.0	59.5
	172.5 तथा 183.0 से कम	52.5	64.0
	183.0 तथा इस से अधिक	57 0	—
19	160.0 तथा 165.0 से कम	44.5	56.0
	165.0 तथा 172.5 से कम	49.0	60.5
	172 0 तथा 178.0 से कम	53.5	65.0
	178.0 तथा 183.0 से कम	58.0	69.5
	183.0 तथा इससे अधिक	62.5	—
20 तथा अधिक	160.0 तथा 165.0 से कम	45.5	56.5
	165.0 तथा 172.5 से कम	50.0	61.0
	172.5 तथा 178.0 से कम	54.5	66.0
	178.0 तथा 183.0 से कम	59.0	70.5
	183.0 तथा इससे अधिक	63.5	—

केवल नौसेना के लिए

कद और वजन

सेंटीमीटरों में ऊंचाई	आयु		
	18 वर्ष	20 वर्ष	22 वर्ष
	कि० ग्राम० में वजन		
1	2	3	4
157 . .	47	49	50
160 .	48	50	51
162 . .	50	52	53
165 . .	52	53	55

1	2	3	4
168 . .	53	55	57
170 . .	55	57	58
173 . .	57	59	60
175 . .	59	61	62
178 . .	61	62	63
180 . .	63	64	65
183 . .	65	67	67
185 . .	67	69	70
188 .	80	71	72
190 . .	72	73	74
193 . .	74	76	77
195 . .	77	78	78

(ii) कद तथा आयु के सबंध में वजन का ठीक-ठीक मानक निश्चित करना सभव नही है। अत: परस्पर संबंधी सारणी केवल निदेशिका मात्र है तथा सभी मामलों में लागू नही की जा सकती है। सारणी में दिये गये औसत वजन से 10 प्रतिशत (नौसेना के मामले मे 6 कि० ग्रा० कम-ज्यादा) होने पर उसे वजन की सामान्य सीमा के अन्तर्गत माना जाता है। ऐसा भी हो सकता है कि कुछ यक्तियों का वजन उपयुक्त मानक से अधिक हो किन्तु शरीर के सामान्य गठन की दष्टि से वे हर प्रकार से योग्य हो सकते हैं। ऐसे व्यक्तियो के अधिक वजन का कारण भारी हड्डियो और पेशीय विकास हो सकता है न कि मोटापा। इसी प्रकार जिसका वजन मानक से कम हो उसके बारे मे भी उपयुक्त सारणी मानकों के पूरी तरह पालन की अपेक्षा उनका सामान्य शरीर गठन और अनुपातिक विकास की कसौटी होना चाहिए।

(ग) छाती:—छाती भली प्रकार विकसित होनी चाहिए और फैलाने पर न्यूनतम फैलाव 5 0 सैंटीमीटर होना चाहिए। उम्मीदवार की छाती का नाप लेते समय उसे इस प्रकार सीधा किया जाए कि उसके पाव जुड़े हुए हों और उसकी बाहे सिर के ऊपर उठी हो। फीते को छाती के गिर्द इस प्रकार से लगाया जायेगा कि पीछे की ओर उसका ऊपरी किनारा असफलको (शोल्डर ब्लैड) के निम्न कोणों (इन्फीरियर ऐंगिल्स) के साथ लगा रहे और इसका निचला किनारा सामने चूचको के ऊपरी भाग से लगा रहे। फिर बाहो को नीचा किया जाएगा और इन्हे शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे उठे या पीछे की ओर झुके न हों जिससे कि फीता हट जाए, जब उम्मीदवार को कई बार गहरा सास लेने के लिए कहा जाएगा और छाती का अधिकतम तथा न्यूनतम फैलाव सावधानी से लिख लिया जाएगा। अधिकतम तथा न्यूनतम फैलाव सेंटीमीटर में रिकार्ड किया जाएगा जसे 84/89, 86/91 इत्यादि।

माप को रिकार्ड करते समय 0.5 सेंटीमीटर से कम दशमलव भिन्न की उपेक्षा की जाएगी। 0.5 सेंटीमीटर को इसी रूप मे रिकार्ड किया जाएगा तथा 0.6 सेंटीमीटर या इससे अधिक को एक सेंटीमीटर के रूप मे रिकार्ड किया जाएगा।

नौसेना के लिए:—छाती का एक्सरे अनिवार्य है।

4. दातो की हालत

इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि चबाने का काम अच्छी तरह करने के लिए प्राकृतिक तथा मजबूत दात काफी संख्या मे हैं।

(क) स्वीकृत होने के लिए यह आवश्यक है कि उसने दातों के लिए कम से कम 14 प्वाइंट प्राप्त किये हों। किसी भी व्यक्ति के दातो की हालत का पता लगाने के लिए परस्पर अच्छी तरह सटे और दूसरे जबडे के अनुरूप दातों को निम्न प्रकार के प्वाइंट दिए जाएंगे:—

(i) बीच के काटने वाले दात, बगल के काटने वाले दात, रदनक प्रथम तथा द्वितीय छोटी दाढ़ तथा कम विकसित तृतीय बड़ी

(ii) प्रथम तथा द्वितीय बड़ी दाढ़ तथा पूर्णतया विकसित तृतीय बड़ी दाढ़ प्रत्येक के लिए दो-दो प्वाइंट। पूरे 32 दात होने पर कुल 22 प्वाइंट दिए जायेंगे।

(ख) प्रत्येक जबड़े के निम्नलिखित दात एक दूसरे से इस प्रकार सटे हुए हों कि उनसे अच्छी तरह काम लिया जा सके:—

(i) आगे के 6 में से कोई 4 दात।

(ii) पीछे के 10 में से कोई 6 दात।

टिप्पणी:—जिन उम्मीदवारों के नकली दात अच्छी तरह लगे हों उन्हे कमीशन के लिए स्वीकार कर लिया जाएगा।

(ग) तीव्र पायरिया वाले उम्मीदवार को स्वीकार नही किया जाएगा। जिस उम्मीदवार का पायरिया दंत अधिकारी की राय मे बिना दात निकाले अच्छा किया जा सकता है उसे स्वीकार किया जा सकता है।

(5) दृष्टिमानक (थलसेना)

	अच्छी आंख	खराब आंख
दूर की नजर (चश्मा लगाकर)	6/6	6/18

निकट दृष्टि (मायोपिया) जिसमें व्यक्त अपवर्तकता (एस्टिगमेटिज्म मैनीफैस्ट) सम्मिलित है—3.5 डी० से अधिक नहीं। दीर्घ दृष्टि (हाइपर मैट्रोपिया) जिसमें अपवर्तकता (एस्टिगमेटिज्म) सम्मिलित है +3.5 डी० से अधिक नही।

टिप्पणी: 1. फैन्ड्रम तथा मीडिया स्वस्थ्य तथा सामान्य सीमा मे होने चाहिए।

2. वर्धनि निकट दृष्टि के सूचक विटियस या कोरियोरेटीना के अनावश्यक न्यपगनन चिह्न न हो।

3. दोनों आखो में द्विनेत्री (बाइनोकुलर) दृष्टि सयमित शक्ति और पूर्ण दृष्टि क्षेत्र होना चाहिए।

4 कोई ऐसा आगिक रोग नही होना चाहिए जिसके प्रकोपन अथवा खराब होने की सभावना हो।

निकट दृष्टि (मायोपिया)

किसी भी एक मैरेडियम में 0 5 डायोप्ट्रेस अधिक नही होना चाहिए।

द्विनेत्री दृष्टि:—उम्मीदवार की द्विनेत्री दृष्टि ठीक होनी चाहिए। (दोनो आखो मे फूयूजल फेकल्टी और पूर्ण दृष्टि क्षेत्र होना चाहिए)।

रग का प्रत्यक्ष ज्ञान

प्राथमिक रंगो को पहचानने की असमर्थता के कारण किसी उम्मीदवार को अस्वीकार नहीं किया जाएगा किन्तु तथ्य को कार्यवाही मे रिकार्ड कर लिया जाएगा तथा उम्मीदवार को इसकी सूचना दे दी जाएगी। (नौ-सेना के लिए लागू नही है)।

6. श्रवण मानक

श्रवण परीक्षा वाक् परीक्षण द्वारा की जाएगी। जहा आवश्यक होगा श्रव्यता मापी (आडियोमैट्रिक) रिकार्ड भी ले लिए जाएगे।

(क) वाक् परीक्षा.— उम्मीदवार को जो एक उचित ढग से शान्त कमरे मे परीक्षक की ओर पीठ करके 609 5 सेंटी-मीटर की दूरी पर खडा हो प्रत्येक कान से फुसफुसाहट की आवाज सुनाई पडनी चाहिए। परीक्षक को अवशिष्ट वायु से फुसफुसाना चाहिए अर्थात् वह साधारण निःश्वास अन्त में लेगा।

(ख) श्रव्यता मितिक रिकार्ड :— उम्मीदवार को प्रत्येक कान से 128 से 4096 साइकिल प्रति सेकिन्ड की आवृत्ति पर सुनना चाहिए। (श्रव्यता-मितिक पाठ्यांक +10 तथा —10 के बीच होना चाहिए) (नौ सेना के लिए लागू नहीं है)।

दृष्टि मानक (नौसेना):

(क) दृष्टि तीक्षणता

मानक-1

	अच्छी आख	खराब आख
दूर की नजर . .	वी 6/6 चश्मा सहित	वी 6/9 6/6

नौ-सेना (1) दृष्टिमानक 1:

कार्य-पालक शाखा के उम्मीदवार चश्मा नही लगाएगे लेकिन नौसेना मुख्यालय की अनुमति से इस मानक मे ढील दी जा सकती है। इजीनियरी, इलेक्ट्रिकल, सप्लाई और सचिवालय शाखा के सब प्रकार उपयुक्त उम्मीदवारो के मामले में 6/18, 6/36 तक ढील दी जाए बशर्ते कि चश्मा चलाने पर दृष्टि 6/6 हो।

(ii) विशेष अपेक्षाए:

रात में नजर का मानक—जिन उम्मीदवारों मे शुष्काक्षिणक (जीरोफथेल्मिया) सिगमेंट्री अविकास कोरियारेटिना मे बिचलन, अपसामान्य परितारिका और उसके लक्षण होने का सदेह हो लेकिन जो अन्यथा हर प्रकार से स्वस्थ हों, नौ-सेना मे भर्ती करने से पहले उनकी विस्तृत एन० वी० ए० जाच होगी। जो ग्रेड 11 (ग्यारह) तक न पहुंचेंगे (डेलाकासा अच्छी/बहुत अच्छी) उन्हे अस्वीकार कर दिया जाएगा। जिस उम्मीदवार की डेलाकासा जाच न की जाएगी उससे निम्नलिखित प्रमाण-पत्र लिया जाएगा:—

"मैं प्रमाणित करता हू कि कि मुझे रतौधी नही है और जहा तक मेरी जानकारी है मेरे परिवार के किसी सदस्य को भी जन्म से रतौधी नही है।"

ह० उम्मीदवार———

चिकित्सा अधिकार के प्रति हस्ताक्षर . . .

मानक 1—एम० एल० टी०

(मार्टिन लालटेन परीक्षण)

रग का प्रत्यक्ष ज्ञान

नेत्र विचलन प्रवृति मेहडोक्स राड/बिगटेस्ट के साथ (बशर्ते कि अभिसरण दोष तथा अन्य रोग लक्षण न हो) निम्नलिखित से अधिक नही होनी चाहिए.—

(क) 6 मीटर की दूरी से			
एक्सोफोरिया	.	8 प्रिज्म	डायोप्टर
इसोफोरिया	.	8 प्रिज्म	डायोप्टर
हाइपरफोरिया	.	1 प्रिज्म	डायोप्टर
(ख) 30 से० मी० की दूरी से			
इसोफोरिया	.	8 प्रिज्म	डायोप्टर
एक्सोफोरिया	.	16 प्रिज्म	डायोप्टर
हाइपरफोरिया	.	1 प्रिज्म	डायोप्टर

कार्यान्वित स्तर
(होमाट्रोपिना के अन्तर्गत)

दूर दृष्टिता की सीमा

दूर दृष्टिता [. . सही आख
1.5 डायोप्टर

साधारण दीर्घ दृष्टिता विषमम	0.75 दीर्घ दृष्टिता मेरिडियन का दोष।
सयुक्त दीर्घ दृष्टिता वैषम्य। . .	1.5 डायोप्टर से अधिक नही होना चाहिए इसमे 0.75 डायोप्टर से अधिक दृष्टि वैषम्य कारण नहीं होना चाहिए।
दूर दृष्टिता . .	सबसे खराब आंख 2.5 डायोप्ट्रेस
साधारण दूर दृष्टिटता वैषम्य सयुक्त दूर दृष्टिता वैषम्य	1.5 डायोप्ट्रेस दूर दृष्टिता वैषम्य 2.5 डायोप्ट्रेस अधिक नही होना चाहिए, इसमे 1.00 डायोप्ट्रेस से अधिक दृष्टि वैषम्य के कारण नही होना चाहिए

परिशिष्ट III

सेवा आदि के सक्षिप्त विवरण नीचे दिए गए हैं:

(क) भारतीय सेना अकादमी, देहरादून मे प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारो के लिए:

1. भारतीय सेना अकादमी मे भर्ती करने से पूर्व.—

(क) इसे इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि वह यह समझता है कि किसी प्रशिक्षण के दौरान या उसके परिणामस्वरूप यदि उसे कोई चोट लग जाए या ऊपर निर्दिष्ट किसी कारण से या अन्यथा आवश्यक किसी सर्जिकल आपरेशन या सवेदनाहरण दवा के परिणामस्वरूप उसमें कोई शारीरिक अशक्तता आ जाने या उसकी मृत्यु हो जाने पर वह या उसके वैद्य उत्तराधिकारी को सरकार के विरुद्ध किसी मुआवजे या अन्य प्रकार की राहत का दावा करने का हक न होगा।

(ख) उसके माता-पिता या सरक्षक को इस आशय के अन्य-पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे कि यदि किसी ऐसे कारण से जो उसके नियत्रण मे समझे जाते है उम्मीदवार पाठ्यक्रम पूरा होने से पहले वापस आना चाहता है या कमीशन अस्वीकार कर देता है तो उस पर कृशक्षा शुल्क, भोजन, वस्त्र पर किए ग व्यय तथा किदए गए वेतन और भत्ते की कुल राशि या उतनी राशि जो सरकार निश्चित करे, उसे वापस करनी होगी।

2 अन्तिम रूप से चुने गए उम्मीदवारो को लगभग 8 महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन उम्मीदवारो के नाम सेना अधिनियम के अधीन "जेन्टलमैन-कैडेट" के रूप मे दज किए जाएंगे। जैन्टलमैन कैडेट पर साधारण अनुशासनात्मक प्रयोजन के लिए भारतीय सेना अकादमी के नियम और विनियम लागू होंगे।

3. यद्यपि, आवास, पुस्तके, वर्दी, बार्डिग और चिकित्सा सहित, प्रशिक्षण के खर्च का भार सरकार वहन करेगी लेकिन यह आशा की जाती है कि उम्मीदवार अपना जेब खर्च खुद बर्दाश्त करेंगे। भारतीय सेना अकादमी मे (उम्मीदवार का) न्यूनतम मासिक व्यय 55.00 रु० से अधिक होने की संभावना नही है। यदि किसी कैडेट के माता-पिता या सरक्षक इस खर्च को भी पूरा या आंशिक रूप मे बर्दाश्त करने मे असमर्थ हो तो सरकार द्वारा उन्हें वित्तीय सहायता दी जा सकती है लेकिन जिन उम्मीदवारो के माता-पिता या संरक्षक की मासिक आय 350.00 रु० या इससे अधिक हो, वे इस वित्तीय सहायता के पात्र नही होंगे। वित्तीय सहायता की पात्रता निर्धारित करने के लिए अचल सम्पत्तियो और सभी साधनों से होने वाली आय का भी ध्यान रखा जाएगा।

यदि उम्मीदवार के माता-पिता/सरक्षक किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हों तो उन्हे अपने पुत्र/सरक्षित के भारतीय सेना कादमी मे प्रशिक्षण के लिए अंतिम रूप से चुने जाने के तुरन्त बाद अपने जिले के जिला मैजिस्ट्रेट के माध्यम से एक आवेदन-पत्र देना चाहिए जिसे जिला मैजिस्ट्रेट अपनी अनुशसा सहित भारतीय सेना अकादमी, देहरादून के कमान्डेन्ट को अग्रेषित कर देगा।

4. भारतीय सेना अकादमी मे प्रशिक्षण के लिए अतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारो को आने पर, कमान्डेट के पास निम्नलिखित राशि जमा करनी होगी:—

(क) प्रति मास 55.00 रु. के हिसाब से पाच महीने का जेब खर्च .	275.00
(ख) वस्त्र तथा उपस्कर की मदो के लिए	800.00
जोड़ . .	1075.00

उम्मीदवारो को वित्तीय सहायता मजूर हो जाने पर उपर्युक्त राशि मे से नीचे लिखी राशि वापस कर दी जाएगी.—

55.00 रु० प्रति माह के हिसाब से पाच महीने का जेब खर्च . . . 275.00

5. भारतीय सेना अकादमी में निम्नलिखित छात्रवृत्तिया उपलब्ध हैं.—

(1) परशुराम माऊ पटवर्धन छात्रवृत्ति :—यह छात्रवृत्ति महाराष्ट्र तथा कर्नाटक के कैडेटो को दी जाती है। इस छात्र-वृत्ति की राशि अधिक से अधिक 500.00 रु० प्रति वर्ष है जो कि कैडेट को, भारतीय सेना अकादमी मे रहने की अवधि के दौरान दी जाती है बशर्ते कि उसकी प्रगति सतोषजनक हो। जिन उम्मीदवारो को यह छात्रवृत्ति मिलती है वे किसी अन्य सरकारी वित्तीय सहायता के हकदार न होंगे

(2) कर्नल कैंडल फ्रैंक मैमोरियल छात्रवृत्ति :—इस छात्रवृत्ति की राशि 360/- रुपया प्रति वर्ष है और यह किसी ऐसे पात्र मराठा कैडेट को दी जाती है जो किसी भूतपूर्व सैनिक का पुत्र हो। यह छात्र-वृत्ति सरकार से प्राप्त होने वाली किसी वित्तीय सहायता के अतिरिक्त होती है।

6. भारतीय सेना अकादमी के प्रत्येक कैडेट के लिए सामान्य शर्तों के अन्तर्गत समय-समय पर लागू होने वाली दरों के अनुसार परिधान भत्ता अकादमी के कमांडेंट को सौंप दिया जाएगा। इस भत्ते की जो रकम खर्च होगी वह

(क) कैडेट को कमीशन दिए जाने पर दे दी जाएगी।

(ख) यदि कैडेट को कमीशन नहीं दिया गया तो भत्ते की यह रकम राज्य को वापस कर दी जाएगी।

कमीशन प्रदान किए जाने पर इस भत्ते से खरीदे गए वस्त्र तथा अन्य आवश्यक चीजें कैडेट की व्यक्तिगत सम्पत्ति बन जाएगी। किन्तु यदि सप्रशिक्षणाधीन कैडेट त्यागपत्र दे दे, या कमीशन से पूर्व उसे निकाल दिया जाए या वापस बुला लिया जाए तो उपर्युक्त वस्तुओं को उससे वापस ले लिया जाएगा। इन वस्तुओं का सरकार के सर्वोत्तम हित को दृष्टिगत रखते हुए निपटान कर दिया जाएगा।

7. सामान्यतः किसी उम्मीदवार को प्रशिक्षण के दौरान त्यागपत्र देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन प्रशिक्षण के दौरान त्यागपत्र देने वाले जैंटलमैन कैडेटों को थल सेना मुख्यालय द्वारा उनका त्यागपत्र स्वीकार होने तक घर जाने की आज्ञा दे दी जानी चाहिए। उनके प्रस्थान से पूर्व उनके प्रशिक्षण, भोजन तथा सम्बद्ध सेवाओं पर होने वाले खर्च उनसे वसूल किया जाएगा। भारतीय सेना अकादमी में उम्मीदवारों को भर्ती किए जाने से पूर्व उनके माता-पिता/अभिभावकों को इस आशय के एक बाड पर हस्ताक्षर करने होंगे। जिस जैंटलमैन कैडेट को प्रशिक्षण का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पूरा करने के योग्य नहीं समझा जाएगा उसे सेना मुख्यालय की अनुमति से प्रशिक्षण से हटाया जा सकता है। इन परिस्थितियों में सैनिक उम्मीदवार को अपनी रेजिमेंट या कोर में वापस भेज दिया जाएगा।

8 यह कमीशन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने पर ही दिया जाएगा। कमीशन देने की तारीख प्रशिक्षण की सफलता-पूर्वक पूरा करने की तारीख से अगले दिन से शुरू होगी। यह कमीशन स्थायी होगा।

9. कमीशन देने के बाद उन्हें सेना के नियमित अफसरों के समान वेतन और भत्ते, पेन्शन, और छुट्टी दी जाएगी तथा सेवा की अन्य शर्तें भी वही होंगी जो सेना के नियमित अफसरों पर समय-समय पर लागू होंगी।

प्रशिक्षण :—

10. भारतीय सेना अकादमी में आर्मी कैडेट को "जैंटलमैन कैडेट" का नाम दिया जाता है तथा उन्हें 18 मास के लिए कड़ा सैनिक प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे इन्फैन्ट्री के उप यूनिटों का नेतृत्व करने के योग्य बन सकें। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत जैंटलमैन कैडेटों को सैकिण्ड लेफ्टिनेन्ट के रूप में कमीशन प्रदान किया जाता है बशर्ते कि वे एम० एच० ए० पी० ई० में शारीरिक रूप से स्वास्थ्य हों।

II सेवा की शर्तें

(i) वेतन :—

रैंक	वेतनमान
	रुपए
सैकिण्ड लेफ्टिनेन्ट . . .	750-950
लेफ्टिनेन्ट	830-950
कैप्टन	1250-1550
मेजर	1650-1800
लेफ्टिनेन्ट-कर्नल (चयन द्वारा) . .	1800-1950
